26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 14 जून, 2026

अंक- 230 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# भाजपा नेता की हत्या पर देहरादून में बवाल

देहरादून ( एजेंसी/चिंगारी )। सहसपुर कोतवाली क्षेत्र के बैरागीवाला में देर रात भाजपा के ओबीसी मोर्चा के मीडिया प्रभारी विनोद की पीट कर हत्या के बाद गांव में सांप्रदायिक तनाव की स्थिति बनी हुई है। आज आरोपी के घर को जेसीबी से तोड़ने की मांग करते हुए बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता और स्थानीय लोग गांव में एकत्र हो गए। भीड़ ने आरोपी के घर में आग लगा दी। पुलिस भीड़ को काबू करने का प्रयास कर रही है। जानकारी के अनुसार, शनिवार देर रात सहसपुर में पुरानी रंजिश के चलते पूर्व प्रधान इशहाक के भतीजे और अन्य लोगों ने मिलकर विनोद, उसके भाई अशोक व राजेश पर हथियारों से हमला कर दिया था।


**बिकाऊ है फ्लैट व दुकान**

एक फ्लैट 3 BHK, 110 वर्ग मी., सुसज्जित 2 AC, पार्किंग, लिफ्ट, सर्वेंट क्वाटर सहित निकट शक्ति चौक, बिजनौर। एक दुकान 15.45 वर्ग मी. डबल साइड, ऑन रोड भूतल पर आकाश प्लाजा सिविल लाईन, बिजनौर में बिकाऊ है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें-

मो. 8218644848, 7906685162

## खान सर की कोचिंग में तोड़फोड़ के आरोपी की संदिग्ध मौत

पटना ( एजेंसी/चिंगारी )। सहरसा निवासी और चर्चित शिक्षक रौशन आनंद के छोटे भाई प्रिंस कुमार यादव की नेपाल के विराटनगर स्थित एक होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। यह घटना 13 जून की देर रात हुई। घटना के बाद नेपाल पुलिस ने इसे संदिग्ध मानते हुए जांच शुरू कर दी है। हालांकि अब तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई, जिसके कारण मामले को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। परिजन और रौशन आनंद के समर्थक प्रिंस की हत्या का आरोप लगा रहे हैं।




## 'ईरान अमेरिका के साथ समझौते के तहत होर्मुज जलडमरूमध्य में टोल न लेने पर सहमत हुआ'


मास्को ( एजेंसी/चिंगारी )। ईरान अमेरिका के साथ एक समझौते के तहत होर्मुज़ जलडमरूमध्य से गुज़रने वाले जहाज़ों से टोल न लेने पर सहमत हो गया है। फॉक्स न्यूज़ ने सूत्र के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। चैनल ने बताया है कि ईरान उस रणनीतिक जलडमरूमध्य को खोल देगा जहाँ कोई टोल नहीं लिया जाएगा। अमेरिकी प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने चैनल को बताया कि अगर यह समझौता हो जाता है, तो ईरान के जलडमरूमध्य खोलने के साथ ही अमेरिका नाकेबंदी हटा लेगा, जिसके बाद बारूदी सुरंगें हटाने का काम शुरू होगा। इससे पहले, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा था कि ईरान और ओमान जल्द ही होर्मुज़ जलडमरूमध्य में शिपिंग मैनेजमेंट पर एक संयुक्त बयान जारी करेंगे।



# 8 माह बाद भी नहीं हटा नहर विभाग की भूमि पर अवैध कब्जा

**नहटौर ( चिंगारी )।** नहर विभाग की भूमि पर हुए अवैध कब्जे को हटाने में सिंचाई विभाग प्रशासन लापरवाही बरत रहा है। कब्जे को हटाने के लिए नायब तहसीलदार के नेतृत्व में समिति का गठन भी हुआ, लेकिन आठ माह बीतने के बाद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। शिकायतकर्ता ने अतिक्रमणकारियों से सिंचाई विभाग अधिकारियों की मिलीभगत होने का आरोप लगाया।

नहटौर के ग्राम बल्लाशेरपुर में नहर विभाग की भूमि है, जिस पर गांव के ही लोगों ने स्थाई रूप से कब्जा कर लिया है। सिंचाई विभाग की जमीन पर कब्जा होने की शिकायत की गई। जांच अधिकारी सहायक अभियंता अफ़ज़लगढ़ सिंचाई उपखंड नगीना की 10 अक्टूबर 2025 को जांच में अवैध अतिक्रमण होना पाया। जांच अधिकारी के अनुसार खसरा संख्या 274 के रकबा 0.202 की भूमि पर स्थाई अतिक्रमण पाया गया। स्थायी कब्जा हटाने के लिए 25 अक्टूबर 2025 को समिति का गठन किया गया था। जिस पर 08 नवंबर को 2025 को अतिक्रमण हटाने के लिए समिति को कार्रवाई


कार्यालय
सहायक अभियन्ता–प्रथम,
अफ़जलगढ़ सिंचाई उपखण्ड, नगीना।
नोटिस

करनी थी। नायब तहसीलदार धामपुर के नेतृत्व में गठित समिति में राजस्व निरीक्षक व चार लेखपाल शामिल थे। समिति गठन के बाद आज तक अतिक्रमण को लेकर कोई कार्रवाई नहीं हुई। शिकायतकर्ता मुरली मनोहर का आरोप है कि आठ माह बीतने के बाद भी सिंचाई विभाग के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि सिंचाई विभाग के अधिकारी कब्जा जमाये कब्जाधारकों से मिले हुए हैं, जिसके चलते कोई कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मिलीभगत के चलते प्रशासनिक अधिकारी मामले वाद में उलझाना भी चाहते हैं।

### कुछ ने स्वयं हटाया अतिक्रमण

नहटौर के बल्लाशेरपुर में सिंचाई विभाग की जमीन पर अतिक्रमण होने के लिए विभाग द्वारा लाल निशान लगाकर चेतावनी दी गई थी, उसके बाद नोटिस चस्पां किए गए थे। जिस पर कुछ लोगों ने खुद ही अतिक्रमण को हटा लिया था। मामले में सिंचाई विभाग की ओर से अवैध कब्जा धारकों के विरुद्ध रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी।

### बोले अधिकारी..

अवधेश कुमार अधिशासी अभियंता ( सिंचाई विभाग धामपुर ) ने नहर विभाग की जमीन से अवैध कब्जा हटाने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी। समिति का गठन किया गया है। कब्जा हटाने के दौरान होने वाला खर्च भी अतिक्रमणकारियों से वसूला जाएगा।

## प्रियांशी की मौत के मामले में पति और चचेरा ससुर गिरफ्तार



**स्योहारा ( चिंगारी )।** गल्लाखेड़ी गांव में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में जलने के बाद हुई मौत के मामले में स्योहारा पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने मुकदमे में नामजद पति और उसके चाचा को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से घटना से जुड़ी एक पीले रंग की केन भी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक मृतका के भाई ने 11 जून को थाना स्योहारा में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी बहन को ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर उसे गंभीर रूप से जला दिया गया। बाद में दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने पति अभिकांत, ससुर अतर सिंह, सास मितलेश, अमर सिंह, हिमानी और हरीश के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना के दौरान पुलिस ने शनिवार को आरोपी अभिकांत पुत्र अतर सिंह और अमर सिंह पुत्र बुद्धा सिंह निवासी ग्राम गल्लाखेड़ी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बताई जा रही एक पीली केन भी बरामद की है, जिसे जांच के लिए कब्जे में लिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गहनता से जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा, जबकि मुकदमे में नामजद अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही शेष आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।




## गड्ढे में पलटी कार, मामूली घायल हुये चार

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** भागूवाला में कोटावाली नदी के पास एक गाड़ी स्पीड ब्रेकर पर अनियंत्रित होकर राजमार्ग के किनारे गड्ढे में पलट गई। गाड़ी सवार सभी व्यक्तियों को मामूली चोट आई। राष्ट्रीय राजमार्ग–फोरलेन पर भागूवाला से आगे कोटावाली नदी के पास शनिवार को अपराहन लगभग 5 बजे टाटा टियागो गाड़ी नम्बर यूपी 25 डीजेड – 1242 चालक को स्पीड ब्रेकर न दिखाई देने के कारण अनियंत्रित होकर राजमार्ग के किनारे गड्ढे में पलट गई। गाड़ी को सूर्यप्रकाश पुत्र इंद्रबहादुर सिंह निवासी पाली भोगीपुर, थाना नरवल, जनपद कानपुर नगर चला रहा था। गाड़ी में चार अन्य व्यक्ति भी सवार थे, जो बरेली से हरिद्वार जा रहे थे। हालांकि गाड़ी सवार किसी भी व्यक्ति को गंभीर चोट नहीं आई। सूचना पर मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मय पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंचे। चालक एवं अन्य व्यक्तियों को मामूली चोट आने पर सभी ने राहत की सांस ली। पुलिस ने उन्हें अस्पताल भेजने को कहा, तो उन्होंने बेहद मामूली चोट आने पर अस्पताल जाने से मना कर दिया।





# धर्मनंदा ब्लड बैंक पहुंचकर किया रक्तदान



**स्योहारा ( चिंगारी )।** विश्व रक्तदाता दिवस पर धर्मनंदा ब्लड बैंक पहुंच लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। रोटरी क्लब के सदस्य ने रक्तदान कर समाज को जागरूक किया। ब्लड बैंक के डायरेक्टर डाक्टर शाश्वत वर्मा ने कहा कि समय समय पर रक्तदान करना चाहिए। रक्तदान करने वाले का स्वास्थ्य सही रहता है।

ब्लड बैंक डायरेक्टर शाश्वत वर्मा,प्रभारी ब्लड बैंक राकेश डोगरा, अमित राणा, टैक्निकल सुपर वाईजर साजिद खान तथा टैक्नीशियन अंकित राणा व विशाल कुमार एंव विशाल राणा ने रक्त को एकत्रित करने का कार्य किया। डा. शाश्वत वर्मा ने सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद किया। राजीव वर्मा व डाक्टर आशिफ ने रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र व उपहार दिये। इस दौरान रोटरी क्लब के अध्यक्ष शोभित जैन, आगामी रोटरी क्लब सचिव हरिओम गुर्जर, रजत त्यागी आदि ने रक्तदान किया।

# युद्ध ख़त्म होने के आसार!

**तेहरान/वाशिंगटन ( एजेंसी/चिंगारी )।** ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा है कि अमेरिका के साथ शत्रुता समाप्त करने संबंधी समझौता अंतिम चरण में पहुंच गया है। प्रस्तावित समझौते में सामरिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने, ईरान की जब्त विदेशी परिसंपत्तियों को मुक्त करने तथा युद्ध के बाद पुनर्निर्माण में सहायता संबंधी प्रावधान शामिल हो सकते हैं। ईरानी सरकारी टेलीविजन से बातचीत में श्री अराघची ने कहा कि प्रस्तावित समझौता ज्ञापन (एमओयू) हालिया संघर्ष के दौरान ईरान द्वारा हासिल उपलब्धियों को औपचारिक रूप से सुरक्षित करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि कूटनीति इन उपलब्धियों को स्थायी स्वरूप देने का माध्यम है। सरकारी मीडिया के अनुसार श्री अराघची ने कहा कि प्रस्तावित समझौते का पहला प्रमुख बिंदु अमेरिका द्वारा लगाये गये कथित अवैध नौसैनिक नाकेबंदी को समाप्त करना है। उन्होंने बताया कि ईरान और ओमान होर्मुज जलडमरूमध्य से होने वाले समुद्री आवागमन को विनियमित करने के लिए एक संयुक्त कानूनी और परिचालन तंत्र पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था की घोषणा अगले 60 दिनों के भीतर की जा सकती है, जबकि जलडमरूमध्य की सुरक्षा की जिम्मेदारी ईरानी सशस्त्र बलों के पास ही रहेगी। श्री अराघची ने बताया कि विचाराधीन समझौते में युद्ध से हुए नुकसान की भरपाई और अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए व्यापक आर्थिक पुनर्निर्माण योजना भी शामिल है।

# अमेरिका की दादागीरी

## नाविकों की मौत पर भारत का विरोध किया ख़ारिज़

**कहा- होर्मुज में आदेश मानें, नाकेबंदी का उल्लघन न करें**

**वाशिंगटन ( एजेंसी/चिंगारी )।** ईरान के खिलाफ एकतरफा हमला करने वालाा अमेरिका पश्चिम एशिया में दादागीरी पर उतर आया है। मालवाहक जहाजों पर हमले में तीन भारतीय नाविकों की मौत पर विरोध जताने पर अमेरिका ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में उसकी नौसैनिक नाकेबंदी का उल्लघंटन या ईरानी तेल का अवैध परिवहन कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से फोन पर बातचीत के दौरान अमेरिकी हमले में भारतीय नाविकों की मौत पर कड़ा विरोध दर्ज कराया था।

जयशंकर एवं रूबियों की बातचीत के बाद अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने कहा, रूबियों ने इस बात पर जोर दिया कि होर्मुज क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाये रखने के लिए सभी वाणिज्यिक जहाजों को अमेरिकी बलों के आदेशों का तुरंत पालन करना चाहिए। बता दें कि अमेरिका ने ईरान को तेल व्यापार से मुनाफा कमाने से रोकने के लिए 13 अप्रैल से होर्मुज जलडमरूमध्य में नौसैनिक नाकेबंदी लागू कर रखी है।

### जयशंकर ने दर्ज कराया था कड़ा विरोध

दरअसल, ओमान तट के पास वाणिज्यिक जहाजों पर हुई अमेरिकी हमलों में तीन भारतीय नाविकों की मौत पर विदेश मंत्री जयशंकर ने अमेरिकी समकक्ष रूबियों को फोन कर कड़ा विरोध दर्ज कराया था। जयशंकर ने कहा, वाणिज्यिक जहाजों के खिलाफ ऐसी घातक सैन्य कार्रवाई किसी भी तरह से तर्कसंगत नहीं है। इससे पहले, विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी कार्यवाहक राजदूत जेसन मीक्स को तलब कर आपत्ति दर्ज कराई थी।

# कल 15 जून को बंद रहेंगे नैनीताल के स्कूल

**नैनीताल ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने विद्यार्थियों एवं आमजन की सुविधा तथा यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से कल 15 जून 2026 को कैंची धाम मेले के अवसर पर श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ एवं कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत जनपद नैनीताल के विकासखंड भीमताल एवं बेतालघाट अंतर्गत संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय, सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों (कक्षा 01 से 12 तक) तथा आंगनबाड़ी केंद्रों में एक दिवसीय अवकाश घोषित किया है।


डीएम ललित मोहन रयाल

जिलाधिकारी ने कहा कि उक्त क्षेत्र के स्थित समस्त अन्य शासकीय कार्यालय पूर्ववत संचालित रहेंगे तथा अधिकारी एवं कर्मचारी अपने निर्धारित समयानुसार कार्यालयों में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने संबंधितों को उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश देते हुए कहा कि लापरवाही की दशा में सम्बन्धित के विरुद्ध कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

Hero
*हीरो लाया है एक्सचेंज कार्निवल
कोई भी पुराना स्कूटर या बाइक लायें और नया हीरो स्कूटर ले जाये।
SCOOTERS SUPERIOR MILEAGE @ 56 KM/L



9,999/- के डाउन पेमेंट पर
4,000/- Discount



4,999/- के डाउन पेमेंट पर
तुरंत आवश्यकता है- कुशल मैकेनिक व हेड मैकेनिक की।
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध :- ❖कम से कम ब्याज दर ❖कम कागजी कार्यवाही ❖सबसे सस्ता
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# विकास हो रहा चहुंओर, नये आयाम स्थापित कर रहा बिजनौर

## प्रभारी मंत्री का दावा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद के प्रभारी मंत्री एवं राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित विदुर सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्ष तथा उत्तर प्रदेश सरकार के आठ वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभाव से बिजनौर विकास के नये आयाम स्थापित कर रहा है।

प्रभारी मंत्री ने बताया कि ऑपरेशन कायाकल्प के तहत जिले के 2119 विद्यालयों में सभी 19 मानक पूरे किए गए हैं। 411 स्मार्ट क्लास, 112 आईसीटी लैब और 101 पुस्तकालय एवं कंप्यूटर कक्ष स्थापित किए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा में 59 विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं का विकास कराया गया है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 19 लाख से अधिक लाभार्थियों को 42 करोड़ रुपये से अधिक का नि:शुल्क उपचार उपलब्ध कराया गया है। वहीं टीकाकरण का प्रतिशत बढ़कर 95.37 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

प्रभारी मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिले में 48 हजार से अधिक परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराए गए हैं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 2.26 लाख से अधिक शौचालयों का निर्माण कराया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 22,796 स्वयं सहायता समूह गठित किए गए हैं। कृषि क्षेत्र की उपलब्धियां गिनाते हुए मंत्री ने बताया कि वर्ष 2017 से अब तक 32,846 करोड़ रुपये का गन्ना मूल्य भुगतान सीधे किसानों के खातों में किया गया है। जल जीवन मिशन के तहत 7331 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाकर 4.57 लाख ग्रामीण घरों तक नल से जल पहुंचाया गया है। बिजली व्यवस्था में सुधार करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में 18 से 20 घंटे तथा शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत 5617 घरों में सोलर पैनल लगाए गए हैं। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत 47,605 बालिकाओं को लाभान्वित किया गया है। 334 नये आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण तथा 1082 केंद्रों पर आरओ की स्थापना की गई है। एमएसएमई क्षेत्र में नगीना वुडक्राफ्ट उद्योग को बढ़ावा देने के लिए 461 उद्यमियों को ऋण और 2625 प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया है। 25 हजार से अधिक लोग इस उद्योग से जुड़े हैं। पशुपालन विभाग द्वारा 14,903 निराश्रित गौवंश संरक्षित किए गए हैं। प्रभारी मंत्री ने बताया कि जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों के सौंदर्यीकरण एवं विकास पर लगभग 33 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। लोक निर्माण विभाग ने विभिन्न परियोजनाओं के तहत 309.76 किलोमीटर सड़कों का निर्माण कराया है। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से कई महत्वपूर्ण सड़क एवं हाईवे परियोजनाओं पर कार्य किया गया है।



**सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और बिजनौर में विकास कार्य इसी सोच के साथ तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।**

**विधायक अशोक राणा, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान बॉबी, जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप सिंह, एमएलसी अशोक कटारिया, डीएम जसजीत कौर, सीडीओ रणविजय सिंह, एएसपी सिटी कृष्ण कुमार, चेयरपर्सन इन्दिरा सिंह आदि मौजूद रहे।**

## मोदी जी के नेतृत्व में भारत विश्व मंच पर उभरा : आकांक्षा चौहान

**खासपुरा ( चिंगारी )।** पीएम मोदी के नेतृत्व में 12 साल पूरे होने पर ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान द्वारा गांव-गांव जाकर चौपाल आयोजित की जा रही है। शनिवार को ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने ग्राम खासपुरा, उमरी बड़ी, खजूरी व राहूनगली में चौपाल आयोजित कर भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत आज निर्णायक, आत्मनिर्भर और विश्व मंच पर प्रभावशाली रूप से उभरा है। उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने और आत्मनिर्भर बनने के लिए घर की चारदीवारी से बाहर निकलकर आगे आने का आह्वान किया। ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान को खासपुरा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा गुरु घर का सरोपा देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान गुरुद्वारे के महासचिव महिपाल सिंह, कोषाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह नीटू, गुरुद्वारे के हरविंदर सिंह बिल्लू, उमरी गुरुद्वारे के प्रधान सतवीर सिंह भोले, प्रदीप सिंह, मास्टर अजीत सिंह, संध्या कौर, अंजू कौर, ममता कौर, बाला चौधरी, बबिता, अध्यक्ष मनोज देवी, उषा देवी, निशा चौहान आदि मौजूद रहे।



## डीएसएम में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**धामपुर ( चिंगारी )।** शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष शर्मा के नेतृत्व में पी.एच.डी. रूरल फाउंडेशन, नई दिल्ली के तत्वावधान में शनिवार को धामपुर शुगर मिल परिसर में श्रमिकों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉक्टर रोबिन खान, डॉ. उस्मान एवं गोपाल ने संयुक्त रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित परामर्श दिया तथा ब्लड प्रेशर, शुगर की जांच एवं आवश्यक दवाएं नि:शुल्क वितरित की गईं। स्वास्थ्य शिविर के उद्घाटन के अवसर पर विकास अग्रवाल, सत्यवीर सिंह, अनुज मलिक, इंजीनियरिंग हेड-अभय शर्मा, दिनेश भारती, राने सिंह, विनोद सिंह राणा, विनोद बिष्ट, अजय पांडेय, सुरजन सिंह, ओंकार सिंह, स्मृति यादव, शरद गहलोत तथा फैक्ट्री चिकित्सालय के सहायक चिकित्सा अधिकारी कमल सिंह पंवार, फार्मासिस्ट विजय कुमार आदि उपस्थित रहे। स्वास्थ्य शिविर का को-ऑर्डिनेशन कारखाना महाप्रबंधक विजय कुमार गुप्ता ने किया।



## बिजनौर में विश्वकर्मा चौक बनाने की मांग



**बिजनौर ( चिंगारी )।** खगेश शर्मा के आवास पर विश्वकर्मा समाज की एक अत्यंत बैठक संपन्न हुई। अध्यक्षता डॉ. राजेन्द्र कुमार शर्मा ने की। बैठक में बिजनौर में विश्वकर्मा चौक बनवाए जाने की मांग की गई तथा मांग पूरी न होने पर कलक्ट्रेट पर आंदोलन की चेतावनी दी गई। बैठक में गौरव धीमान, लक्ष्मीनारायण, डॉ. राजवीर, नरेंद्र शर्मा,योगेश व विश्वकर्मा समाज के अन्य सम्मानित सदस्य भी उपस्थित रहे। अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र कुमार शर्मा ने विश्वकर्मा समाज से एकजुट होने और हक के लिए एक साथ आने का आह्वान किया।

## प्रशासन ने सुलझाया पांच साल पुराना भूमि विवाद

### एसडीएम सदर की कोशिशें सफल हुईं

**बिजनौर/मंडावर ( चिंगारी )।** बिजनौर प्रशासन ने लंबे समय से चले आ रहे भूमि विवाद का शांतिपूर्ण समाधान कर एक बड़ी सफलता हासिल की है। राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने दोनों पक्षों की सहमति से करीब पांच वर्षों से लंबित भूमि विवाद का मौके पर निस्तारण कराया।

जानकारी के अनुसार मंडावर क्षेत्र के राजस्व ग्राम एवं परगना मंडावर में खसरा संख्या 1062 और 1063 से जुड़ा मामला शाहिदा बानो और मोहम्मद अली के बीच चल रहा था। यह विवाद पिछले लगभग पांच वर्षों से विभिन्न न्यायालयों में विचाराधीन था।

उपजिलाधिकारी (एसडीएम) रितु रानी और क्षेत्राधिकारी (सीओ) नगर अनय पांडेय के निर्देशन में तथा न्याय तहसीलदार अनवर फैसल काज़मी के नेतृत्व में शनिवार को राजस्व टीम ने दोनों पक्षों की मौजूदगी में मौके पर पहुंचकर सरकारी अभिलेखों के आधार पर भूमि की पैमाइश कराई।

कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। पुलिस की मौजूदगी में पैमाइश पूरी होने के बाद जमीन पर स्थायी निशान लगाए गए और संबंधित पक्ष को शांतिपूर्वक कब्जा दिलाया गया।

प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि अंतिम कार्रवाई से पहले दोनों पक्षों के साथ विस्तृत बैठक कर उनकी सहमति सुनिश्चित की गई थी। इसके बाद मौके पर जाकर विवाद का समाधान कराया गया। इस कार्रवाई के बाद दोनों पक्षों ने संतोष व्यक्त किया। वहीं, पांच साल पुराने विवाद के समाप्त होने पर स्थानीय ग्रामीणों ने भी राहत की सांस ली और प्रशासन की त्वरित एवं पारदर्शी कार्यप्रणाली की सराहना की।


//23+ years of LEGACY
THE FUTURE WITH
ARTIFICIAL INTELLIGENCE.
Degree Programme
B.V.Sc & A.H.
BAMS
BNYS
B.Pharmacy
Post Basic BSc Nursing
B.Sc. Nursing
B.P.T.
B.M.L.S.
B.Optometry
B.Sc. Microbiology
B.Sc. Biotechnology
B.Sc. Food Technology
B.Tech (CSE)
BCA
B.Sc. (Computer Sc.)
BBA
BBE
B. COM
BA LL.B
BBA LL.B (Hons.)
B.Sc.I B.Sc. Hons (PCM/ZBC)
B.Sc. Agriculture (Hons.)
B.Sc. Home Science
Diploma Programme
Diploma in Agriculture
Diploma in Veterinary Science
Live Stock Extension I Veterinary Pharmacy
Diploma in Pharmacy
Diploma in Engineering (Polytechnic)
Diploma in Elementary Education (BTC)
G.N.M. I A.N.M.
CONTACT US:
7055604050
7055604040
www.vivekuniversity.ac.in
VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246701

# विद्युत विभाग के संविदाकर्मियों ने एक्सईएन को दिया मांग-पत्र



अधीक्षण अभियंता से मिलते हुए संविदा कर्मचारी।

धामपुर ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के संविदा कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर शनिवार को विद्युत वितरण खंड कार्यालय पर संघ के पदाधिकारियों ने विद्युत वितरण मंडल धामपुर के अधीक्षण अभियंता को दिए ज्ञापन में समय पर सैलरी दिए जाने, मार्च माह तक का रुका हुआ वेतन देने, ऐप में डाउनलोडिंग करने , समझौते का पालन सुनिश्चित करने तथा धामपुर सेकेंड डिवीजन में पुराने एस एस ओ को हटाकर उनके स्थान पर एक अकुशल भूतपूर्व सैनिकों को रखे जाने पर सिर्फ रोज व्यक्त करते हुए उन्हें हटाने की मांग की गई। अधीक्षण अभियंता ने समस्या का समाधान सोमवार तक किए जाने का आश्वासन दिया।

# दुकान का सामान खरीदने आया उचक्के ने उसका थैला उड़ाया

धामपुर ( चिंगारी )। बड़ी मंडी में सक्रिय उचक्कों ने शनिवार को खरीदारी करने आए एक व्यक्ति की बाइक में टंगा हुआ थैला दिनदहाड़े पार कर दिया। थैले में लगभग 6000 रुपए का सामान रखा हुआ था। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मनकुआ निवासी सुखबीर सिंह धामपुर शुगर मिल में पान, बीड़ी सिगरेट की दुकान करते हैं। शनिवार को वह दुकान की बिक्री के लिए बीड़ी के बंडल, सिगरेट, पान मसाले और पान आदि खरीद कर बड़ी मंडी में पहुंचे और अपनी बाइक के हैंडल में थैला टांग कर सब्जी लेने चले गए। इसी बीच बड़ी मंडी में सक्रिय उचक्कों ने उनका थैल पार कर दिया। जब सुखबीर सिंह सब्जी खरीद कर बाइक के पास आए तो हैंडल से थैला गायब पाकर वह अचंभित रह गए। इस बारे में उन्होंने आसपास के व्यापारियों से जानकारी प्राप्त की और सीसीटीवी कैमरे को खंगाला। धामपुर उद्योग व्यापार मंडल के मनोज धनोरिया ,महामंत्री विपुल अग्रवाल, अजय कुमार पिंटू आदि ने बताया कि बड़ी मंडी में सामान चोरी होने की यह छटी घटना है। इस बारे में पुलिस को कई बार अवगत करा दिया गया है। परंतु घटनाएं रुकने का नाम ही नहीं ले रही है।

**धामपुर में दैनिक बिजनौर टाइम्स व सांध्य दैनिक चिंगारी में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।**

**बिजनौर टाइम्स-चिंगारी कार्यालय**
**निकट थाना कोतवाली, धामपुर**

**मनोज कात्यायन 9927500708**
**जुल्फिकार मंसूरी 9568154643**

# योग दिवस कार्यक्रम की तैयारी कर रहीं संस्थाएं



योग दिवस की तैयारी करते हुए योग साधक।

धामपुर ( चिंगारी )। फल चौक स्थित लाला केदारनाथ अग्रवाल की धर्मशाला में योग करो हंसमुख रहो संस्था द्वारा संचालित योग शिविर में 21 जून, रविवार को आयोजित होने वाले 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी प्रारंभ हो गई हैं।

योगाचार्य विजय कुमार वर्मा प्रतिदिन प्रात: 5बजे प्रतिशत से 6:30 बजे तक योग की विभिन्न मुद्राओं, आसन, व्यायाम व साधना का अभ्यास करा रहे हैं। योग साधक अशोक अग्रवाल व संजय अग्रवाल मुनिया ने बताया कि 21 जून रविवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। योग शिविर में योग साधक पीयूष अग्रवाल, सतीश वर्मा, संजय अग्रवाल मुनिया, अशोक अग्रवाल, पुनीत गर्ग, सुभाष मोदी, श्रीमती अर्चना रानी, प्रीति सिंघल, सुनीता दुआ, आशीष राज, सुनील कुमार चौहान, नवनीत कुमार दरोगा जी, शीला रानी, सुभाष गुप्ता, मास्टर मदनपाल सिंह आदि अनेक साधक मौजूद रहे। इसके अलावा पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में नहटौर बायपास मार्ग स्थित सुमंगलम फार्म हाउस में 19 से 21 जून तक तीन दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। संस्था के जिला संगठन मंत्री शिवेंद्र अग्रवाल, धनंजय सिंह, डॉक्टर आरके चौहान ने बताया की प्रतिदिन प्रात: साढे 5 से 7 बजे तक योगासन और व्यायाम कराए जाएंगे। उनका कहना है कि योग प्रकृति का अमूल्य वरदान है जो शरीर, मन और आत्मा को संतुलित करता है।

# दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान की ओर से 217 वां नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित



217वें नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में मरीजों को देखते हुए डॉक्टर।

धामपुर ( चिंगारी )। सुसंस्कारित स्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत दमयंती देवी प्रेरणा संस्थान की ओर से 217वां नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 55 मरीजों को नि:शुल्क परामर्श एवं तीन-तीन दिन की दवाइयां वितरित की गई। शनिवार की शाम को शिविर का शुभारंभ रूपचंद सैनी, हरदेव सिंह, शुभम चौहान, अभिमन्यु सिंह, राजपाल सिंह आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शिविर में डॉ महक धनौरिया ने 55 मरीजों को नि:शुल्क परामर्श दिया। इस दौरान मरीजों को 3-3 दिन की दवाइयां भी नि:शुल्क वितरण की गई। कैंप में सभी जांचें नाम मात्र रुपए में कराई गई हैं।

शिविर में 'पॉलिथीन मुक्त अपना देश-प्रदेश और शहर' अभियान के बारे में लोगों को अवगत कराते हुए कपड़े के बने थैले 10 रुपए सहयोग राशि लेकर वितरित किए गए। शिविर को सफल बनाने में गौरव सिंह साहिल अखिलेश पंकज गौरव हिमांशु कपिल, नन्हे, आनंद, मोहित, संकेत, सौरभ व आनंद आदि का योगदान सराहनीय रहा।

# कथा व्यास को गौरी शंकर सुकोमल द्वारा रचित 'परशुरामायण' की प्रति भेंट की



कथावाचक को परशुरामायण की प्रति भेंट करते हुए सुकोमल जी की धर्मपत्नी।

धामपुर (चिंगारी)। स्थानीय रानी बाग कॉलोनी में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव में धामपुर के वरिष्ठ साहित्यकार, पत्रकार एवं लेखक स्वर्गीय पंडित गौरी शंकर शर्मा सुकोमल द्वारा रचित 'परशुरामायण' की प्रति उनकी धर्मपत्नी कमलेश शर्मा ने व्यास पीठ पर आसीन वृंदावन से पधारे भागवताचार्य स्वामी कृष्ण मोहन महाराज को भेंट की। इस दौरान सुकोमल जी के सबसे छोटे बेटे नवकेतन शर्मा ने भी अपनी धर्मपत्नी विनीता शर्मा के साथ उपस्थित रहे। इन तीनो को महाराज श्री ने मंच पर विशेष सम्मान भी प्रदान किया। कथा का संचालन कर रहे पत्रकार सरदार महेंद्र सिंह सलूजा आराधक ने वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार स्वर्गीय पंडित गौरी शंकर शर्मा सुकोमल की साहित्यिक गतिविधियों और सेवाओं का उल्लेख किया।

इस अवसर पर भागवत आचार्य स्वामी कृष्ण मोहन जी महाराज ने सुकोमल जी द्वारा रचित परशु रामायण की प्रशंसा करते हुए इसे परिवार और समाज की गौरवशाली उपलब्धि बताया। उन्होंने भविष्य में आयोजित होने वाली भागवत कथाओं में अपने स्तर से 'परशुरामायण' का उल्लेख करने का भी वचन दिया ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इस रचना की जानकारी पहुंच सके।

# पूर्व छात्र परिषद ने लगाया रक्तदान शिविर



रक्तदान करते हुए महिला।

धामपुर ( चिंगारी )। विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद के तत्वावधान में नगीना मार्ग स्थित रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज परिसर में एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं और समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए रक्तदान के महत्व को समझा तथा मानव सेवा का संदेश दिया। इस दौरान 20 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंद एवं अपरिचित लोगों के जीवन बचाने में अपनी सहभागिता निभाई। इस मौके पर मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन जनशक्ति की प्रदेश उपाध्यक्ष कविता राणा ने कहा कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त कई लोगों को नया जीवन देने में सहायक सिद्ध हो सकता है। इसलिए सभी को बढ़-चढ़कर रक्तदान करना चाहिए। शिविर को सफल बनाने में प्रोजेक्ट चेयरमैन संयम जैन, पूर्व छात्र परिषद के जिला सह संयोजक भूपेंद्र शर्मा 'सोनू', रामजी, राजू, मुकेश राजपूत, ब्योमकेश चौहान, पुनीत गर्ग, कविता राणा, चंचल शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ताओं का सराहनीय योगदान रहा।

# डीएम ने किया बाढ़ सुरक्षा कार्यों का निरीक्षण



**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जनपद में संचालित बाढ़ सुरक्षा एवं कटाव निरोधक परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मिर्जापुर के समीप गंगा नदी तट पर चल रहे बाढ़ एवं कटाव निरोधक कार्यों, यूसुफपुर-बाकरपुर तटबंध की मरम्मत तथा मध्य गंगा बैराज क्षेत्र में संचालित सुरक्षा कार्यों का निरीक्षण किया।

ग्राम मिर्जापुर स्थित गलका मंदिर के निकट गंगा नदी तट पर निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जिलाधिकारी को बताया कि परियोजना के तहत एक नये स्टड (स्पर) का निर्माण तथा एक पुराने स्टड की मरम्मत का कार्य प्रगति पर है। अधिकारियों के अनुसार परियोजना पूर्ण होने पर गलका मंदिर एवं ग्राम मिर्जापुर को गंगा नदी के कटाव और बाढ़ के संभावित खतरे से प्रभावी सुरक्षा मिलेगी। इसके बाद जिलाधिकारी ने मालन नदी पर स्थित यूसुफपुर-बाकरपुर तटबंध के सुदृढ़ीकरण एवं संरक्षण कार्यों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने जानकारी दी कि परियोजना पूरी होने के बाद यूसुफपुर, बाकरपुर, इनामपुर सहित आसपास के कई गांवों को बाढ़ के खतरे से राहत मिलेगी तथा जन-धन की संभावित क्षति को रोका जा सकेगा।

जिलाधिकारी ने मध्य गंगा बैराज पर स्थित तटबंध पर चल रहे बाढ़ सुरक्षा निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण किया। यहां अधिकारियों ने बताया कि प्रस्तावित स्टडों में से तीन स्टड का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, जबकि शेष कार्य तेजी से चल रहा है। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) देवेंद्र पाल सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड अफजलगढ़ धामपुर अवधेश कुमार शर्मा, सहायक अभियंता, अवर अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# यातायात पुलिस ने चलाया अभियान

## आठ बाइक सीज 14 का चालान

**बिजनौर (चिंगारी)।** जनपद में यातायात पुलिस ने दो दिवसीय विशेष अभियान के तहत शनिवार को कई वाहनों का चालान करने के साथ ही दो डंपर और एक बस को सीज किया गया। यातायात पुलिस ने बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट, मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई की। शनिवार को यातायात प्रभारी रवि नैन के नेतृत्व में चले अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने वाहन चैकिंग के दौरान बिना फिटनेस प्रमाण-पत्र के संचालित पाए गए दो डंपरों को सीज कर दिया। इसके अलावा बिना रूट परमिट संचालित हो रही एक बस को सीज किया गया। दोपहिया वाहनों में मॉडिफाइड साइलेंसर पर आठ बाइक सीज की गईं, जबकि 14 वाहनों के चालान किए गए। बिना हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट के चल रहे 38 वाहनों के चालान किए। वहीं वाहनों में प्रेशर हॉर्न लगे पाए जाने पर 27 वाहनों के खिलाफ भी चालानी कार्रवाई की गई। यातायात प्रभारी रवि नैन का कहना है कि इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### नियमों का पालन करने की अपील

**यातायात पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे अपने वाहनों के सभी दस्तावेज पूर्ण रखें, एचएसआरपी नंबर प्लेट लगवाएं और मॉडिफाइड साइलेंसर व प्रेशर हॉर्न का प्रयोग न करें। यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।**

# कल अमावस्या पर पिलायेंगे शर्बत



**चांदपुर (चिंगारी)।** ब्राह्मण विकास सेवा समिति उत्तर प्रदेश की बैठक में सोमवती अमावस्या पर कल 15 जून को तहसील परिसर में छबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बसंती देवी धर्मशाला में पं. नरेश कुमार शर्मा की अध्यक्षता एवं वीरेन्द्र कुमार शर्मा के संचालन में आयोजित बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में कृष्णवीर शर्मा फौजी,नीरज तिवारी एडवोकेट, डा. विनोद कुमार शर्मा, पं. महंत रविंद्र भारद्वाज संघर्षी महाराज, सुनील शर्मा, कमलकांत शर्मा, ऋतुल शर्मा, प्रशांत शर्मा, संदीप शर्मा, डा.दिग्विजय शर्मा, नंदकुमार शर्मा,नंदकुमार पांडे, अर्चना शर्मा, संध्या शर्मा आदि मौजूद रहे।

# साइकिल वापस मांगने पर पीट-पीटकर अधमरा किया

**नहटौर (चिंगारी)।** ग्राम खजूरा जट में एक युवक को बेरहमी से पीटने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करके कार्यवाही शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार खजूरा जट निवासी विकास कुमार का आरोप है कि शुक्रवार की दोपहर दो युवक उसे किसी बहाने से पास के जंगल में ले गए। वहां उन्होंने उसे बुरी तरह पीटा जिससे वह बेहोश हो गया। मारपीट करने के बाद आरोपी उसे घटनास्थल पर ही छोड़कर भाग गए। विकास के अनुसार यह विवाद लगभग एक सप्ताह पहले हुई एक घटना से जुड़ा है। युवकों ने उसकी साइकिल छीन ली थी और उसे गिरवी रख दिया था। विकास को इस बात का पता चला तो उसने अपनी साइकिल वापस मांगी और पैसों के बारे में पूछताछ की। आरोप है कि पैसे देने के बहाने वे उसे जंगल में ले गए और उसके साथ मारपीट की। घटना की सूचना मिलने पर परिजन उसे बेहोशी की हालत में इलाज के लिए ले गए। पुलिस ने विकास की तहरीर पर अमन पुत्र अशोक व कमल पुत्र कल्याण के खिलाफ संबंधित धारा मुकदमा पंजीकृत किया है।






# सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं- हरिओम




**बिजनौर (चिंगारी)।** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय महामंत्री एवं जिला प्रभारी हरिओम शर्मा ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिये कि केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाना संगठन की प्राथमिकता होनी चाहिए। यह निर्देश भाजपा जिला कार्यालय, बिजनौर में आयोजित जिला मासिक बैठक में दिए गए। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री नरेश भाटी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए हरिओम शर्मा ने आगामी सांगठनिक कार्यक्रमों, केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के विषय में विस्तार से चर्चा की। बैठक में संगठन की मजबूती पर विशेष जोर देते हुए जिला प्रभारी हरिओम शर्मा और जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान ने बूथ समितियों एवं पन्ना प्रमुखों को सक्रिय करने तथा संगठन की कार्यप्रणाली को सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिये। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया और सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को जिला प्रभारी द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करने तथा पूरी ऊर्जा के साथ क्षेत्र में कार्य करने का संकल्प दिलाया। बैठक में क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, जिला महामंत्री बल्लास त्यागी, नरेश भाटी, दिनेश सैनी, जिला उपाध्यक्ष मायापाल, रजनी कालरा, रवि चौधरी, जिलेंद्र राजपूत, जिला मीडिया प्रभारी दीपक गर्ग 'मोनू', पूर्व जिलाध्यक्ष सुमन त्यागी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष वाल्मीकि, अतुल मारवाड़ी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रोबिन चौधरी, तिलक सैनी, संजीव गुप्ता, सुनील राजपूत सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बर्तन व्यापारी की दुकान में चोरी करने वाला गिरफ्तार

## सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपी पकड़ा, 61 हजार बरामद




नजीबाबाद (चिंगारी)। स्थानीय पुलिस ने बर्तन व्यापारी की दुकान में नकदी चोरी की घटना का सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मात्र 24 घंटे के अंदर खुलासा करते हुए आरोपी को 61 हजार रूपए की नकदी के साथ गिरफ्तार कर लिया। उल्लेखनीय है कि गुरुवार-शुक्रवार की रात चोरों ने नगर स्थित सिद्धि विनायक मंदिर के सामने पुरुषोत्तम बर्तन स्टोर के विपिन अग्रवाल की दुकान का ताला तोड़कर वहां से 70 हजार रूपए की नकदी चोरी कर ली थी। घटना के बाद दुकान स्वामी विपिन अग्रवाल ने थाने पहुंचकर अज्ञात चोर के खिलाफ तहरीर दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी थी। जाब्तागंज चैकी के इंचार्ज विनोद कुमार पांडे ने जांच के दौरान वहां आसपास सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान कर उसकी तलाश शुरू की। पुलिस ने आरोपी के घर पहुंचकर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम शिवांशु पुत्र बहादुर निवासी मौहल्ला बसंती माता मुगलुशाह बताया। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की रकम में से 61 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। सीओ आकांक्षा गौतम के नेतृत्व तथा थाना प्रभारी अमित कुमार के निर्देशन में गठित टीम ने यह कार्रवाई की। टीम में जाब्तागंज चैकी प्रभारी एसआई विनोद कुमार पांडे, कांस्टेबल वीरेंद्र गुर्जर, हेड कांस्टेबल सौरभ कुमार शामिल रहे।



# 12 साल की हुई मोदी सरकार, लीना ने किया नीतियों का प्रचार

नजीबाबाद (चिंगारी)। भाजपा की पूर्व क्षेत्रीय मंत्री एवं नगर पालिका धामपुर की पूर्व अध्यक्ष लीना सिंघल ने जनसंपर्क कार्यक्रम के अन्तर्गत नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की केन्द्र सरकार के 12 वर्ष के कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में पूजा हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. संदीप अग्रवाल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. राखी अग्रवाल तथा वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. राजीव अरोड़ा से भेंट कर उन्हें सरकार की योजनाओं से अवगत कराते हुए सहयोग मांगा। इस अवसर पर सभी चिकित्सकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए भाजपा की केन्द्र सरकार को समाज के सभी वर्गो के लिए कार्य करने वाली सर्वश्रेष्ठ सरकार बताया। इस मौके पर डॉ. राजीव अरोड़ा ने मोदी सरकार को गरीब एवं कमजोरों की सरकार बताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को स्वस्थ एवं दीर्घ आयु होने की शुभकामनाएं दी। वहीं डॉ. राखी अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को विश्व का सर्वाधिक लोकप्रिय नेता बताते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में लीना सिंघल के साथ अनुसूचित मोर्चा के अध्यक्ष कोमल सिंह हल्दिया, क्षेत्र पंचायत सदस्य कपिल चौधरी, रणवीर निराला, धर्मेन्द्र कश्यप, विष्णु कुशवाहा, शिव कुमार जोशी, मनोज शर्मा, एड. गौरव सैनी, संदीप राजपूत आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## मौलाना खालिद मंसूरी बने कृषि क्रांति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन कृषि क्रांति (अ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंतजार मूसा ने मौलाना खालिद मंसूरी को भाकियू कृषि क्रांति (अ) के बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष बिजनौर मनोनीत किया है। उनसे आशा व्यक्त की गई है कि वह जिले में संगठन को मजबूत बनाने के साथ किसानों की समस्याओं को जानकर उनका हल कराने का प्रयास करेंगे।

## प्रजापति महासभा के जिलाध्यक्ष बने राजकुमार



**नजीबाबाद ( चिंगारी )। राष्ट्रीय प्रजापति महासभा ( रजि. ) के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार दक्ष ने नजीबाबाद के कस्बा साहनपुर निवासी राजकुमार प्रजापति को राष्ट्रीय प्रजापति महासभा का जिलाध्यक्ष बिजनौर मनोनीत किया है। उनसे आशा व्यक्त की गई है कि राष्ट्रीय प्रजापति महासभा की मजबूती एवं प्रजापति समाज के विकास के लिए कार्य करेंगे।**

# मृतक शिक्षामित्र के परिवार को दी सांत्वना



नजीबाबाद (चिंगारी)। टीचर्स सेल्फ केअर टीम उत्तर प्रदेश के संस्थापक/अध्यक्ष विवेकानंद आर्य के दिशा निर्देशानुसार में बिजनौर जनपद के ब्लॉक किरतपुर की टीम ने दिवंगत शिक्षामित्र स्वर्गीय यशपाल सिंह के गांव का स्थलीय निरीक्षण किया। स्व. यशपाल सिंह प्राथमिक विद्यालय किशनपुर में कार्यरत थे। स्थलीय निरीक्षण में जिला संयोजक नवाब आलम, जिला प्रवक्ता नीरज कुमार, जिला-सह संयोजक/जिला कन्यादान प्रभारी आमिर अली, ब्लॉक प्रवक्ता अजय पाल सिंह, ब्लॉक सह संयोजक यशवीर सिंह राणा, ब्लॉक सह संयोजक मशकूर अहमद, संजय कुमार, कुड़वा सिंह, सुनित कुमार, अनिल कुमार, सुनील कुमार, दिग्विजय सिंह आदि सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे। अध्यक्ष/संस्थापक के द्वारा नामिनी उनकी पत्नी श्रीमती पूनम देवी से मोबाइल पर बात कर उनके परिवार को आश्वासन दिया कि उनकी टीम दु:ख की इस घड़ी में एक परिवार के रुप में सदैव खड़ी हैं।

# 12 फीट से ज्यादा न हो ताजिये की ऊंचाई- सीओ आकांक्षा गौतम



**किरतपुर ( चिंगारी )।** आगामी मोहर्रम के त्यौहार को लेकर आज थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बोलते हुए सीओ नजीबाबाद आकांक्षा गौतम ने सभी उपस्थित लोगों से कहा कि त्यौहार शांतिपूर्वक मनाएं। ताजिए की ऊंचाई 12 फीट से ज्यादा नहीं होनी चाहिए तथा डीजे की ऊंचाई भी ज्यादा नहीं होनी चाहिए। कोई नई परंपरा शुरू नहीं होने दी जाएगी। यदि किसी को कोई समस्या है, तो वह पुलिस को बता सकता है। उसका हल किया जाएगा। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी ने कहा मोहर्रम आराम से मनाएं। इस अवसर पर पूर्व सभासद इरशाद अहमद, गुलशन बिजनौरी, अयूब अहमद, सलीम अहमद, नौबहार प्रधान, मोहम्मद एजाज, मोहम्मद अफजल, जिया हैदर, रोहित कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व चेयरमैन मौअज़्ज़म ख़ा ने किया अल अली टूर एंड ट्रैवल्स का उद्घाटन

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के कोटद्वार रोड स्थित मार्केट में नजीबाबाद के पूर्व चेयरमैन मौअज़्ज़म खान एडवोकेट ने 'अल अली टूर एंड ट्रैवल्स' के ऑफिस का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने 'अल अली टूर एंड ट्रैवल्स' के स्वामी मौ. अबूज़र अली को मुबारकबाद देते हुए अल्लाह से उनके कारोबार में तरक्की अता फ़रमाने व कामयाबी देने की दुआ की। इस मौके पर मौ. शहबाज़ ख़ान, हाजी नदीम, मौ. ज़ाहिद, हाजी मुख़्तार, क़ारी मुजीबुर्रहमान, हाजी अय्यूब, मौ. नौशाद अहमद (पूर्व सभासद), ज़ैद अंसारी, शफ़ीक़ अहमद, मौ. अज़ाम, हाजी सिराजुद्दीन, मौ. कैफ़, सलमान राईन, मौ. शुएब, मौ. शाहरुख, मौ. साकिब, अबरार अहमद, शफ़ीक़ अहमद सहित शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# विश्व रक्तदाता दिवस पर पुलिस लाइन में रक्तदान शिविर का आयोजन

**बिजनौर (चिंगारी)।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन अस्पताल, बिजनौर में एक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन पुलिस अधीक्षक बिजनौर अभिषेक झा के निर्देशन में किया गया, जिसमें पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर रक्तदान किया।

शिविर में पुलिस अधीक्षक नगर (एसपी सिटी) बिजनौर डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह तथा प्रतिसार निरीक्षक (आरआई) पुलिस लाइन देवेंद्र सिंह सिकारवार ने उपस्थित रहकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। पुलिस लाइन अस्पताल में कार्यरत फार्मासिस्ट खूब सिंह का शिविर के सफल संचालन में विशेष योगदान रहा।



रक्तदान करते हुए थाना कोतवाली शहर प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह राठौड़।

रक्त संग्रहण का कार्य शुभम सर्वम चैरिटेबल ब्लड सेंटर, बिजनौर द्वारा किया गया। रक्त बैंक की टीम प्रातः 8 बजे ही पुलिस लाइन पहुंच गई थी और पूरे समर्पण के साथ रक्तदान शिविर का संचालन किया।

समाचार लिखे जाने तक शिविर में अब तक लगभग 50 यूनिट रक्त संग्रहित किया जा चुका है तथा शाम 5 बजे तक 100 यूनिट से अधिक रक्त संग्रहित होने की आशा व्यक्त की जा रही है।

रक्तदाता सर्वश्री अमर सिंह राठौड़, अभिषेक चौहान, प्रदीप कुमार, आदेश कुमार, शहजाद अली, मोहित मलिक, नितिन राठी, मिंटू तोमर, ओम सिंह, सतेन्द्र कुमार रीडर, पुलिस अधीक्षक कोमल सिंह आदि ने रक्तदान किया।

शुभम सर्वम चैरिटेबल ब्लड सेंटर की टीम में मेडिकल ऑफिसर डॉ. योगेन्द्र सिंह, टेक्निकल सुपरवाइजर श्री अजय सिंह तथा टीम के सदस्य श्री सुभाष चंद्र, अंकित शर्मा, अमजद हुसैन, विज्ञान प्रकाश, विनय कुमार, मुकेश कुमार एवं स्टाफ नर्स सुश्री तनु प्रिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### रक्तदान मानवता की बड़ी सेवा- एएसपी

**इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक नगर डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों का जीवन बचा सकता है। विश्व रक्तदाता दिवस की थीम 'मानवता की एक बूंद-रक्तदान करें, मानव जीवन बचाएं' को सार्थक करते हुए सभी से नियमित रक्तदान करने का आह्वान किया गया। रक्तदान शिविर में पुलिस कर्मियों के साथ-साथ अन्य रक्तदाताओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया।**

# पी.सी. चक्रवर्ती की धर्मपत्नी का निधन

## गत रात्रि एम्स में ली अंतिम सांस



**बिजनौर (चिंगारी)।** राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक एवं पत्रकार पीसी चक्रवर्ती की सहधर्मिणी श्रीमती पुष्पा चक्रवर्ती का एम्स ऋषिकेश में निधन हो गया। आपातकाल के दौरान सीपी एमके अभिलेख गोपनीय ढंग से सुरक्षित रखने, किसान मजदूर और पत्रकार हित के आंदोलन में पूर्ण सहयोग देने तथा सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के साथ ही चक्रवर्ती परिवार को नये आयाम देने में सफल रही श्रीमती पुष्पा चक्रवर्ती जीवन मृत्यु के बीच लम्बा संघर्ष करते हुए गत रात्रि लगभग 2:30 बजे एम्स के आईसीयू वार्ड में चिर निद्रा में लीन हो गई। श्रीमती पुष्पा जी यूं तो पिछले कई सालों से बीमार चल रही थीं, लेकिन जून 2025 से उनको बीमारियों ने गंभीर रूप से जकड़ लिया था। मुरादाबाद, श्रीनगर में उपचार के बाद बेहद नाजुक हालत में 9 अक्टूबर को उन्हें एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बाद उन्हें स्वास्थ्य लाभ मिला, लेकिन फिर तबीयत बिगड़ जाने पर उन्हें पुनः एम्स में भर्ती किया गया, जहां 26 नवम्बर को उनका स्पाईन ऑपरेट किया गया। लगातार एम्स के चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जाता रहा। 12 मई को उन्हें गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। उपचार से उन्हें स्वास्थ्य लाभ मिला और 3 जून को उन्हें अस्पताल से घर आना था, लेकिन 2/3 जून की रात उन्हें स्टोक आया और उन्हें नाजुक हालत में एम्स ऋषिकेश में भर्ती किया गया। वे निरंतर वेंटीलेटर पर रहीं। 5/6 जून की रात हाई रिस्क पर उनका ब्रेन ऑपरेट किया गया। उनकी हालत में उतार चढ़ाव होता रहा और वे जीवन-मृत्यु के बीच संघर्ष करती रहीं, लेकिन 13/14 जून की रात उन पर भारी पड़ गई और और मृत्यु से हार मानते हुए उन्होंने ढाई बजे अन्तिम सांस ली तथा चिर निद्रा में लीन हो गईं। उनकी पार्थिव देह पहले बिजनौर और फिर ग्राम श्रवणपुर ले गये। हरिद्वार में उनका अन्तिम संस्कार किया जाएगा। चिंगारी परिवार दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवार को यह दारुण दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिये ईश्वर से प्रार्थना करता है।

# महिला आयोग की सदस्य ने घर से निकाली गई महिला व बच्चियों को न्याय दिलाया

### पुलिस से ताला खुलवाकर घर में प्रवेश कराया

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी व मासूम बच्चियों को घर से बाहर निकाल दिया। शनिवार को ग्राम धनसिनी से जनसम्पर्क कर लौट रही राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन अग्रवाल की नजर इस महिला पर पड़ी, जो अपनी दो बच्चियों के साथ खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर थी। पूछताछ में महिला ने बताया कि उसके पति ने घर पर ताला लगाकर उसे बच्चों सहित बाहर निकाल दिया था। वह पिछले कई दिन से बच्चियों के साथ सड़क पर रहने को विवश थी। महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन अग्रवाल ने इस गंभीर मामले को देखकर तत्परता दिखाते हुए तत्काल एसपी अभिषेक झा को फोन कर पूरी जानकारी दी। एसपी के निर्देश पर नजीबाबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए घर का ताला खुलवाया। इसके बाद महिला को उसके घर में सुरक्षित प्रवेश कराया गया। पुलिस ने महिला के पति को भी अपने साथ लेकर उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। महिला व उसकी बच्चियों को न्याय मिलने पर स्थानीय लोगों ने महिला आयोग की सदस्य व पुलिस की तत्परता की सराहना की।


मिर्गी दौरे

(मिर्गी के लक्षण)


1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना





डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)

डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association



(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)

1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान

45 वर्ष से आपकी सेवा में

मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423


# भाकियू-टिकैत की सदस्यता ग्रहण की

**नहटौर (चिंगारी)।** ग्राम पपसरा में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की एक बैठक हुई, जिसमें कुलदीप राठी और वीरेंद्र राठी के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने भाकियू की सदस्यता ली। इस अवसर पर प्रदेश सचिव ठाकुर रामौतार सिंह, जिला संरक्षक महेंद्र सिंह, जिला संरक्षक विजयपाल सिंह, जिला प्रवक्ता राजेंद्र सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष विकास कुमार, पूर्व युवा ब्लॉक अध्यक्ष पुनीत तुषियर, रोहित राणा, जिला उपाध्यक्ष प्रवेंद्र बालियन, ब्लॉक महासचिव लोकेंद्र सिंह, धीरेन्द्र सिंह, सुनील कुमार, सचिन पवार, नीटू, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मुनेश अहलावत, यासिर, नौबहार सिंह आदि कार्यकर्ता, पदाधिकारी व किसान उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता नरेंद्र राठी फौजी और संचालन जैनेन्द्र चौहान ने किया।





# कच्चे आम खाने के 12 अद्भुत स्वास्थ्य लाभ



**कच्चे आम, जिन्हें हरे आम या कच्ची आमी भी कहा जाता है, गर्मियों में आने वाला एक तीखा और ताज़ा फल है जिसका आनंद दुनिया भर में लिया जाता है। जहां पके आम अक्सर अपने मीठे स्वाद के लिए पसंद किए जाते हैं, वहीं कच्चे आमों का स्वाद विशिष्ट, खट्टा, कुरकुरा और ताज़ा होता है। स्वाद के अलावा, कच्चे आम इसलिए भी हमारी प्रशंसा के पात्र हैं, क्योंकि इनमें महत्वपूर्ण पोषक तत्व और शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो सीमित मात्रा में सेवन करने पर कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं।**

## कच्चे आम के 12 स्वास्थ्य लाभ

**कच्चे आम का स्वाद लाजवाब होता है, ये प्यास बुझाने में बहुत कारगर होते हैं और इनमें खनिज भी प्रचुर मात्रा में होते हैं। गर्मियों में इनका भरपूर सेवन आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए कई तरह से लाभकारी हो सकता है।**

1 **प्रतिरक्षा में सुधार :-** कच्चे आम विटामिन सी का एक उत्कृष्ट स्रोत हैं, जो आपके शरीर में सफेद रक्त कोशिकाओं के स्तर को बढ़ाता है, जिससे आपके शरीर को प्रतिरक्षा प्रणाली विटामिन सी आपके शरीर को बीमारियों से लड़ने के लिए मज़बूत बनाता है और उसे मज़बूत प्रतिरक्षा प्रदान करता है। विटामिन सी शरीर को स्वस्थ बनाने में भी मदद करता है और क्षतिग्रस्त ऊतकों की वृद्धि को प्रोत्साहित करता है।

2 **पाचन में सहायक :-** कच्चे आम में ऐसे एंजाइम होते हैं जो पाचन में सहायक होते हैं, क्योंकि ये पेट में प्रोटीन को तोड़ने में मदद करते हैं और पित्त निर्माण में भी मदद करते हैं, इसलिए कच्चे आम सामान्य रूप से पाचन में मदद करते हैं। ये विशिष्ट तरीकों से भी पाचन में मदद करते हैं, जैसे कब्ज और पेट खराब हो जाता है।

3 **निर्जलीकरण को रोकता है :-** कच्चे आम नमकीन और पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, जो गर्मी के महीनों में खोए हुए तरल पदार्थों और इलेक्ट्रोलाइट्स की पूर्ति करने में मदद कर सकते हैं। कच्चे आम से बने आम पन्ना जैसे पेय, विशेष रूप से शरीर को ठंडक पहुंचाने और लू लगने के खतरे को कम करने में कारगर होते हैं।

4 **वजन घटाने में सहायक :-** कच्चे आम में वसा कम और फाइबर अधिक होता है, जो आपकी भूख को लंबे समय तक शांत रखने में मदद करते हैं और अच्छा महसूस कराने वाले एंडोर्फिन को रिलीज करने और चयापचय को उत्तेजित करने में मदद करते हैं, इसलिए वे वजन कम करने की कोशिश कर रहे लोगों के लिए एक बढ़िया स्नैकिंग विकल्प के रूप में काम करते हैं।

5 **रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करता है :-** पके आमों की तुलना में कच्चे आमों का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है और ये इंसुलिन प्रतिरोध को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा, कच्चे आमों में ऐसे यौगिक होते हैं जो रक्त शर्करा के नियमन में सहायक होते हैं, जो उन्हें प्रीडायबिटीज़ या टाइप 2 डायबिटीज़ वाले लोगों के लिए एक सुरक्षित विकल्प बनाता है (बशर्ते वे कच्चे आम का अधिक सेवन न करें)।



6 **आपके लिवर के लिए अच्छा :-** कच्चे आम के स्वास्थ्य लाभ कई वर्षों से ज्ञात हैं और इसकी लोकप्रियता और सेवन के कारण, बहुत से लोग कच्चे आम को लीवर के लिए एक प्राकृतिक सहायक मानते हैं। कच्चे आम का लीवर के कार्य और पित्त उत्पादन पर लाभकारी प्रभाव पड़ता है, जो वसा के पाचन और लीवर को विषमुक्त करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

7 **आपके दिल के लिए अच्छा:-** कच्चे आम पोटेशियम और मैग्नीशियम जैसे खनिजों का एक बहुत अच्छा स्रोत हैं, जो रक्तचाप कम करते हैं और संभवत: तरल पदार्थ और इलेक्ट्रोलाइट्स को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। इन सब से आपके निम्न रक्तचाप का खतरा कम होने की संभावना है।

8 **आपकी त्वचा के लिए अच्छा :-** कोलेजन के उत्पादन के लिए पर्याप्त मात्रा में विटामिन सी आवश्यक है, जो त्वचा में लचीलापन, मजबूती और बुढ़ापा-रोधी गुणों को बनाए रखता है। आपके आहार में ताज़ा आम शामिल करने से मुंहासों और काले धब्बों के इलाज में भी मदद मिल सकती है और त्वचा में चमक भी आएगी।

9 **लौह के अवशोषण में सहायक :-** कच्चे आम में विटामिन सी होता है, जो प्रतिरक्षा प्रणाली को मज़बूत बनाने और पादप-आधारित खाद्य पदार्थों से प्राप्त नॉन-हीम आयरन के अवशोषण को बढ़ाने में मदद करता है। यह आयरन की कमी से होने वाले एनीमिया के जोखिम को कम कर सकता है, खासकर महिलाओं और शाकाहारियों में।

10 **स्कर्वी को रोकता है :-** अगर आपके शरीर में पर्याप्त विटामिन सी नहीं है, तो आपको स्कर्वी हो सकता है, जिससे आपके मसूड़ों से खून आना, थकान और जोड़ों में दर्द हो सकता है। ताज़ा आम खाने से विटामिन सी मिलता है और इस कमी को दूर किया जा सकता है।

11 **अम्लता कम करें :-** कच्चे आम खट्टे (अक्सर टार्ट कहे जाने वाले) हो सकते हैं, लेकिन ये शरीर के लिए क्षारीय होते हैं। कच्चे आम पेट में अतिरिक्त एसिड को बेअसर करने और सीने की जलन और एसिड रिफ्लक्स से राहत दिलाने में मदद करते हैं।

12 **ऑक्सीडेटिव तनाव से लड़ता है :-** कच्चे आम में एंटीऑक्सीडेंट प्रचुर मात्रा में होते हैं। इसका एक उदाहरण पॉलीफेनॉल्स नामक एंटीऑक्सीडेंट है, जो आपके शरीर में मुक्त कणों से लड़ते हैं। एंटीऑक्सीडेंट ऑक्सीडेटिव तनाव से लड़ते हैं और इस प्रकार कैंसर, न्यूरोडीजेनेरेटिव रोगों, हृदय रोग आदि जैसी कुछ पुरानी बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद करते हैं।

## कच्चे आम का पोषण मूल्य

**कच्चे आम कम कैलोरी वाले फल होते हैं और इनमें ज़रूरी पोषक तत्वों की भरपूर मात्रा होती है। नीचे प्रति सौ (100) ग्राम पोषक तत्वों की जानकारी दी गई है।**

| | |
|---|---|
| कैलोरी | : 960 किलोकैलोरी |
| विटामिन ए | : थोड़ी मात्रा |
| विटामिन सी | : 36 मिलीग्राम (दैनिक मूल्य का 60 प्रतिशत) |
| फाइबर | : 1.6 ग्राम |
| कार्बोहाइड्रेट | : 915 ग्राम |
| इलेक्ट्रोलाइट्स | : पोटैशियम, मैग्नीशियम |
| एंटीऑक्सीडेंट | : पॉलीफेनोल्स, फ्लेवोनोइड्स |

**इसके अलावा, कच्चे आम में पाचक एंजाइम के साथ-साथ अम्ल भी होते हैं, और ये शरीर को क्षारीय संतुलन बनाए रखने में सहायता करते हैं।**

## जोखिम के कारण

**कच्चे आम को स्वास्थ्यवर्धक माना जा सकता है, लेकिन बहुत अधिक मात्रा में इसका सेवन करने या इसकी उचित देखभाल न करने से समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं-**

- इसकी अम्लीयता तथा ऊपरी सतह पर रेशेदार बनावट के कारण जलन या गले में खराश भी हो सकती है।
- बहुत अधिक कच्चे आम खाने से पेट खराब हो सकता है और पेट भरा हुआ महसूस हो सकता है।
- आम के छिलके से निकलने वाला रस कुछ लोगों को बीमार कर सकता है, जिससे त्वचा संबंधी समस्याएं, सूजन या अन्य चिंताजनक समस्याएं हो सकती हैं।

**कच्चे आमों को उपयोग करने से पहले अच्छी तरह धो लें, ताकि उन पर लगे किसी भी कीटनाशक या रस को हटाया जा सके।**

## अपनी भोजन योजना में कच्चे आम को शामिल करें

**कच्चे आमों को शामिल करके आप अपने नियमित भोजन को और भी मज़ेदार और रंगीन बना सकते हैं। कच्चे आमों का स्वाद और स्वाद अलग-अलग होता है। ये प्राकृतिक मिठास तो देते हैं, लेकिन साथ ही खाने में एक तीखी खटास भी लाते हैं और इन्हें मीठे और नमकीन, दोनों तरह के व्यंजनों में इस्तेमाल किया जा सकता है। कच्चे आमों को खाना पकाने में इस्तेमाल करने के कुछ सेहतमंद तरीके इस प्रकार हैं-**



⏭ कच्चे आम को काटने या बारीक करने से स्वस्थ सलाद अधिक स्वादिष्ट बन जाएगा।

⏭ पके हुए कच्चे आम के गूदे को पुदीना, भुना जीरा, काला नमक और गुड़ या चीनी जैसे मीठे पदार्थ के साथ मिलाकर गर्मियों में ताज़ा कॉकटेल बनाएं।

⏭ कच्चे आम को हरी मिर्च, धनिया और लहसुन के साथ मिलाकर गर्मियों का स्वादिष्ट और ताज़ा मसाला बनाइए।

⏭ कच्चे आम का अचार बनाना, स्वाद का आनंद लेने और फल को सुरक्षित रखते हुए कुछ स्वाद प्रदान करने का एक शानदार तरीका है। अचार में आमतौर पर कच्चे आम के टुकड़ों को सरसों, तेल या मसालों के साथ मिलाया जाता है।

⏭ दाल या करी में कच्चा आम डालने से व्यंजन में खट्टापन आ जाएगा।

⏭ कटे हुए कच्चे आम को प्याज और टमाटर के साथ मिलाकर नींबू के रस में मिलाकर मसालेदार-खट्टा डिप तैयार किया जाता है।

***अगर गर्मियों में आपके पास कच्चे आम की भरमार हो, तो आप और भी तरीके खोज सकते हैं, लेकिन आम के टुकड़ों को सुखाकर उनका अमचूर (सूखा आम पाउडर) बनाना भी एक विकल्प है। अमचूर का इस्तेमाल कई भारतीय व्यंजनों में किया जाता है और यह तीखा स्वाद देता है।***

# गंगा में डूबे लैब टेक्नीशियन के परिजनों ने किया पीएम हाउस पर हंगामा

**बिजनौर (चिंगारी)।** गंगा नदी में डूबे जिला अस्पताल के लैब टेक्नीशियन के परिजनों ने शुक्रवार को हत्या की आशंका जताते हुए पोस्टमार्टम हाउस पर हंगामा किया। परिजन लैब टेक्नीशियन साथियों पर हत्या का शक जाहिर कर रहे हैं। सूचना पर पहुंचे सीओ सिटी ने परिजनों को समझाकर शांत किया और निष्पक्ष जांच व कार्रवाई का आश्वासन दिया।

मंडावर थाना क्षेत्र के गांव मोंहडिया निवासी 23 वर्षीय आशुतोष जिला अस्पताल बिजनौर में लैब टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत था। शुक्रवार को ड्यूटी समाप्त होने के बाद वह अपने कुछ साथियों के साथ गंगा नदी पर नहाने गया था। बताया जाता है कि नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसने बचाव के लिए शोर मचाया, लेकिन उसके साथ मौजूद साथियों को तैरना नहीं आता था। चीख-पुकार सुनकर आसपास काम कर रहे मजदूर मौके पर पहुंचे और काफी प्रयास के बाद आशुतोष को गंगा से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। आशुतोष के परिजन उसके साथियों पर हत्या करने का शक जाहिर कर रहे हैं।

हंगामे की सूचना मिलते ही सीओ सिटी अभय कुमार पांडेय और मंडावर थाना प्रभारी संजय तोमर पुलिस बल के साथ पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। काफी देर तक चली वार्ता के बाद सीओ सिटी ने लोगों को शांत कराया और मामले की निष्पक्ष जांच का भरोसा दिया।

## नशीला पदार्थ खिलाकर हत्या करने का आरोप

मृतक की मां ने आरोप लगाया कि उनके बेटे को उसके साथ काम करने वाले चार युवक शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे ड्यूटी समाप्त होने के बाद अपने साथ गंगा किनारे ले गए थे। उनका आरोप है कि आशुतोष को कोई नशीला पदार्थ खिलाया गया और बाद में उसकी हत्या कर शव को गंगा में फेंक दिया गया। उन्होंने मामले की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। सीओ सिटी अभय कुमार पाण्डेय ने बताया कि परिजनों की तहरीर मिल गई है। सभी तथ्यों पर गहनता से जांच कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## मौलाना सलीम अर-रियाज़ कासमी का इंतकाल, क्षेत्र में शोक की लहर



**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** इमामुल्लाह हज़रत मौलाना मोहम्मद उमर कासमी रहमतुल्लाह अलैह हरीवोली के उत्तराधिकारी तथा मदरसा आलिया इस्लामिया रियाज़ुल उलूम दहलावाला के प्रिंसिपल हज़रत मौलाना सलीम अर-रियाज़ कासमी का गत रात्रि निधन हो गया। वह लीवर की गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। उनके निधन की खबर फैलते ही धार्मिक, शैक्षिक और सामाजिक क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई। उनका जनाज़ा आज जुहर की नमाज़ के बाद उनके पैतृक गांव हरीवोली में अदा किया गया, जिसमें उलेमा, हाफिज, इमाम, मदरसों के जिम्मेदार लोग, सामाजिक कार्यकर्ता, राजनीतिक हस्तियां तथा बड़ी संख्या में आम लोगों ने भाग लिया। बाद में उन्हें स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। मौलाना सलीम अर-रियाज़ कासमी अपने पिता हज़रत मौलाना मोहम्मद उमर कासमी के धार्मिक एवं शैक्षिक मिशन को आगे बढ़ा रहे थे। वह लंबे समय से मदरसा आलिया इस्लामिया रियाज़ुल उलूम दहलावाला के प्रिंसिपल के रूप में सेवाएं दे रहे थे। उन्होंने हजारों विद्यार्थियों को धार्मिक, शैक्षिक और नैतिक शिक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया। अपनी सादगी, विनम्रता और जनसेवा के कारण वह क्षेत्र में अत्यंत सम्मानित व्यक्तित्व माने जाते थे।

# सभी लोगों से अपील हमारी योग सप्ताह में करें भागीदारी




**बिजनौर (चिंगारी)।** गोविंदा मॉर्निंग क्लब बिजनौर के सदस्यों द्वारा आज चाय पर चर्चा करते हुए सभी जनपदवासियों से 21 जून को मनाये जाने वाले 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पूर्व 15 जून से 21 जून 2026 तक चलने वाले योग सप्ताह में भागीदारी करने की अपील की गई। कर्मचारी नेता राकेश शर्मा ने बताया कि 15 जून को प्रातः 6:00 बजे योग सप्ताह का शुभारंभ इंदिरा बाल भवन बिजनौर में किया जाएगा। 16 जून को प्रातः 6:00 बजे ही यह कार्यक्रम विदुर कुटी गंज दारानगर में, 17 जून को प्रातः 6:00 बजे अमृत सरोवर अमहेरा में, 18 जून को प्रातः 6:00 बजे कारागार बिजनौर में, 19 जून को इंदिरा पार्क बिजनौर में, 20 जून को प्रातः 6: 00 बजे नेहरू स्टेडियम बिजनौर में तथा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम आयोजन नेहरू स्टेडियम बिजनौर में कर योग सप्ताह का समापन किया जाएगा। इस चर्चा में राकेश शर्मा, डॉ. प्रमोद कुमार, आशाराम सिंह, अशोक कुमार यादव, संजीव कुमार बिश्नोई, इंजीनियर चरण सिंह, गणेश ठाकुर, प्रकाश वीर रस्तोगी, आसाराम सिंह, राकेश कुमार रस्तोगी, एसएस परिहार, दिनेश चौहान, अरविंद कुमार शर्मा, रतिराम सिंह केपी सिंह फौजी रहे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# अब बच्चे नहीं करते छुट्टियों में नाना-नानी के घर जाने की जिद

## पारम्परिक खेलों से हुए दूर, बढ़ रही है मोबाइल फोन की लत

**खासपुरा (चिंगारी)।** एक समय था जब बच्चे छुट्टियों का इंतजार करते थे कि कब छुट्टी मिलेगी और कब हम अपने नाना-नानी, मामा-मामी के घर जाएंगे, और वहां गिल्ली-डंडा, कबड्डी, खो-खो, कंचे, पिट्ठू-गरम, सतोलिया और छुपम-छुपाई-खेलेंगे, लेकिन आज उस दौर की तस्वीर इतिहास बन चुकी है।



आज के समय 85 प्रतिशत बच्चे दिन भर मोबाइल पर रहते हैं। पहले जो बच्चे सूरज ढलने के बाद घर आते थे, अब सूरज निकलने से पहले फोन चार्ज पर लगा देते हैं। अधिक समय मोबाइल फोन की स्क्रीन देखने में ही निकालते हैं। गांव में खेल के मैदान भी नहीं हैं, जिससे यह भी एक वजह है।

### बच्चों में बढ़ रही सिरदर्द की समस्या

पिछले कुछ सालों से बच्चों में इम्यूनिटी देखने को मिल रही है। ओपीडी में 5 से 10 परसेंट पेशेंट सिर में दर्द, आंखों में दर्द और गुस्सा, चिड़चिड़ापन, हड्डी कमजोर, नींद, विटामिन डी की कमी के आते हैं, जिसका कारण मोबाइल फोन और टीवी की स्क्रीन का अधिक देखना है। बच्चों के साथ-साथ माता-पिता को भी ध्यान रखना चाहिए कि बच्चों को लिमिट अनुसार ही मोबाइल फोन देना है। आउटडोर गेम खत्म हो गए हैं, और बच्चे घर पर बाहर से फास्ट फूड, चिप्स, पैकेट बंद सामान लाकर मोबाइल स्क्रीन या टीवी देखकर खाते रहते हैं जिसका बच्चों की बॉडी पर गलत प्रभाव पड़ रहा है।



**-डा. ए.के. अग्रवाल, बाल रोग विशेषज्ञ बिजनौर**

### अच्छे संस्कार विकसित करें

बच्चों की छुट्टियों में माता-पिता के साथ-साथ उन अभिभावक को भी देखना चाहिए, जहां बच्चे छुट्टी बिताने के लिए गए हैं। बच्चों को लिमिट अनुसार मोबाइल दें, साथ-साथ बच्चों को व्यायाम, योगा और अच्छी बुक पढ़ने को भी जरूर कहें, जिससे बच्चों में अच्छे संस्कार भी डेवलप होंगे। चार अच्छी बातें न सीखाकर एक-एक अच्छी आदत डेवलप करायें जिससे उसके जीवन में आगे के लिए काम आए। बच्चों के साथ-साथ अभिभावक भी उसके साथ खेलकूद में थोड़ा समय जरूर दें।



**-आकांक्षा चौहान, ब्लॉक प्रमुख (नूरपुर)**

### खेल के मैदान बनाने का प्रयास

ग्राम पंचायत में कोई खेल का मैदान नहीं है, और न ही ग्राम पंचायत में ऐसी जगह है, जहां खेल का मैदान बनाया जा सके, लेकिन आने वाले समय में बच्चों और बुजुर्गों, माता और बहनों के घूमने के लिए जरूर खेल का मैदान भी बनवाया जाएगा।

**- विनीता कुमारी ग्राम प्रधान खासपुरा**

### शारीरिक व मानसिक विकास के लिए खेल जरूरी

आउटडोर खेल बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। खेल हमें स्वस्थ रहने, अनुशासन सीखने और टीम भावना विकसित करने में सहायता करते हैं। बच्चे नियमित रूप से खेलों में भाग लें और खेल भावना के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें।



**-आशीष वीर सिंह त्यागी प्रबंधक, रघुकुल ग्लोबल एकेडमी**

### जिद्दी होते जा रहे हैं बच्चे

फोन पर गेम खेलना या कार्टून देखने से बच्चे एकांकी पन और जिद्दी पन के शिकार हो जाते हैं। आगे चलकर मां-बाप व परिवार वालों को बहुत ही दु:ख दाई हो जाता है। मां-बाप को चाहिए कि बच्चों को बहलाने के लिए फोन कदापि न दें। पहले वाले खेलों जैसे कबड्डी, पांव टेका, खो-खो, छुआ-छुआई, दौड़ लगाने, कूद जैसे पुराने खेलों में उनकी रुचि बढ़ाएं और उनके साथ खेलने का भी समय निकालें। इन खेलों से बच्चों का शारीरिक बौद्धिक व सामाजिक विकास होगा।



**-चौधरी सोपाल सिंह**

प्रस्तुति : हरमन्दर सिंह

# भागूवाला की टीम ने जीते दो मैच

## एक मैच में नांगल की टीम जीती



मैन ऑफ द मैच शाकिब को पुरस्कृत करते डालचंद पाल।

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** 16वीं बजरंग क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले गये मैचों में दो मैच भागूवाला की टीम ने और एक मैच नांगल की टीम ने जीता।

पहला मैच भागूवाला और शहजादपुर की टीमों के बीच खेला गया। भागूवाला की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवरों में चार विकेट पर 118 रन बनाये। भागूवाला के बल्लेबाज शाकिब ने ताबड़तोड़ 94 रन और असद ने 29 रन बनाये। शहजादपुर के गेंदबाज अजहर उर्फ गोगा ने 2 विकेट चटकाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी शहजादपुर की टीम असद के 19 और फहीम के 18 रनों की बदौलत निर्धारित 8 ओवरों में आठ विकेट खोकर 88 रन ही बना पायी। भागूवाला के गेंदबाज ओजस और असद ने दो-विकेट झटके। भागूवाला के शाकिब को मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मैच नांगल और खानपुर की टीमों के बीच खेला गया। खानपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवरों में 6 विकेट पर 58 रन बनाये। खानपुर के बल्लेबाज आशु ने 26 तथा शुभम ने 11 रनों का योगदान दिया। नांगल के गेंदबाज ऋतिक ने 3 विकेट झटके। लक्ष्य का पीछा करते हुए नांगल की टीम ने चौथे ओवर में ही दो विकेट खोकर मैच जीत लिया। नांगल के बल्लेबाज छोटू ने 40 रन बनाये। नांगल के छोटू को मैन ऑफ द मैच चुना गया। तीसरा मैच भागूवाला और अभिपुरा की टीमों के बीच खेला गया। अभिपुरा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। अभिपुरा की टीम ने निर्धारित 6 ओवरों में सात विकेट के नुकसान पर 57 रन बनाये। जवाब में भागूवाला की टीम ने 5 ओवर में ही 4 विकेट के नुकसान पर 58 रन बनाकर मैच जीत लिया। शाकिब ने शानदार 30 रन बनाये। शाकिब को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। प्रतियोगिता के आयोजक, रिटायर्ड सैनिक डालचंद पाल ने तीनों मैन ऑफ द मैच खिलाड़ियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। अम्पायर सत्येन्द्र और रुपेश राजपूत रहे। आयोजन में तिलक शर्मा, मयंक शर्मा, तुषार शर्मा, शहबाज आदि का सहयोग रहा।

# गुलदार के हमले में बाल-बाल बची किसान की जान

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** खेत पर सिंचाई करने गये युवा किसान पर पीछे से आये गुलदार ने हमले का प्रयास किया। गुलदार का हमला विफल होने से किसान की जान बची और वो घर की ओर दौड़ा। ग्राम सौफतपुर का निवासी युवा किसान गौतम कुमार उर्फ गुल्लू शनिवार को अपराहन लगभग दो बजे खादर मार्ग पर स्थित अपने खेत पर फसल की सिंचाई करने के लिये गया था। फावड़े से जब वह पानी की नाली पर कार्य कर रहा था, तब पीछे से आये गुलदार ने उस पर हमले का प्रयास किया। किसान के भाग्य से गुलदार का हमला विफल हो गया और गुलदार दूसरे खेत से होते हुए भाग गया। जान बच जाने पर किसान और उसके परिजनों ने परमपिता परमेश्वर का बार-बार धन्यवाद किया। ज्ञातव्य है कि ग्राम सौफतपुर में बृहस्पतिवार-शुक्रवार की रात्रि लगभग एक बजे गुलदार ने खेतों से सटे सत्यपाल सिंह पाल के घर में घुसकर उसकी एक बकरी को मार डाला था तथा दूसरी को घायल कर दिया था। आहट से सत्यपाल की आंखें खुल जाने पर उसने डंडे की मदद से गुलदार को खदेड़ा था। गुलदार के हमलों से किसान-मजदूर दहशत में हैं।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चलाकर अभियान वोटर लिस्टों की तरफ दिलाया ध्यान



**शेरकोट ( चिंगारी )।** शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नगर में अभियान चलाकर डोर टू डोर जाकर लोगों को चुनाव आयोग द्वारा एस.आई.आर. के उपरांत जारी की गई नई वोटर लिस्ट का अवलोकन कर अपने वोट चैक करने और त्रुटियों को दूर कराने के लिए जागरूक किया गया। कांग्रेस पार्टी हाईकमान के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत कल पार्टी के जिला महासचिव एवं धामपुर विधानसभा क्षेत्र प्रभारी फुरकान महमूद अंसारी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नगर के मुहल्ला खुराड़ा, काजी सराय, तराई आदि में घर-घर जाकर लोगों को नई वोटर लिस्ट चैक करने के लिए जागरूक किया। इस दौरान फुरकान महमूद अंसारी ने बताया कि इस अभियान के माध्यम से लोगों के गलत तरीके काटे गए वोटों एवं नामों में हुई त्रुटियों को दुरुस्त कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभियान में काटे गए वोटों एवं नामों में गलती वाले मतदाताओं का डाटा जमा किया जाएगा। उन्होंने भाजपा सरकार पर साजिश के तहत राजनीतिक लाभ उठाने के लिए एसआईआर के नाम पर वोट कटवाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा यह अभियान सभी विधानसभा क्षेत्रों में चलाकर मतदाता सूचियों को दुरुस्त कराया जाएगा और भाजपा के मंसूबों को पूरा नहीं होने दिया जाएगा। अभियान के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चौराहों एवं स्थानों पर रूककर लोगों से 18 वर्ष से अधिक के सभी युवाओं के वोट बनवाने का आह्वान किया। इस मौके पर हाफिज सद्दन, मास्टर महफूज, नौशाद अहमद, मैराज सिद्दीकी, फईम अहमद, निजामुद्दीन, दिलशाद अहमद, सलीम जावेद आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रोड पर पड़ा मिला मोबाइल पुलिस को सौंपा



**किरतपुर ( चिंगारी )।** कस्बे के युवा समाजसेवी इकरार कुरैशी ने अपनी ईमानदारी और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए मंडावर रोड पर मिला एक सैमसंग मोबाइल फोन संबंधित व्यक्ति तक सुरक्षित पहुंचाने के उद्देश्य से पुलिस को सौंप दिया। चिंगारी को मिली जानकारी के अनुसार, कल मंडावर रोड से गुजरते समय इकरार कुरैशी को सड़क किनारे एक सैमसंग मोबाइल फोन पड़ा मिला। मोबाइल मिलने के बाद उन्होंने उसे अपने पास रखने के बजाय तत्काल पुलिस के सुपुर्द कर दिया, ताकि उसका वास्तविक मालिक अपना मोबाइल वापस प्राप्त कर सके। इकरार कुरैशी के इस सराहनीय कदम की क्षेत्रभर में प्रशंसा हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आज के समय में जहां लोग मिली हुई वस्तु को लौटाने से कतराते हैं, वहीं इकरार कुरैशी ने ईमानदारी की मिसाल पेश कर समाज के सामने एक सकारात्मक उदाहरण रखा है।

# नील गाय की टक्कर से घायल संविदाकर्मी की मौत

**चांदपुर ( चिंगारी )।** नीलगाय की टक्कर लगने से गम्भीर रूप से घायल संविदा विद्युतकर्मी की दिल्ली में उपचार के दौरान मौत हो गई। क्षेत्र के ग्राम धूंदली तबीबपुर निवासी पूर्व सैनिक दीपक राठी ( 40 वर्ष ) मदारीपुर स्थित बिजलीघर पर संविदा कर्मी थे। गुरुवार को वे अपने घर से मदारीपुर स्थित बिजलीघर जा रहे थे, अचानक सड़क पर आई नीलगाय की टक्कर लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गये थे। उनको उपचार के लिए पहले मुरादाबाद तथा बाद में दिल्ली ले जाया गया, जहां शनिवार को उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पूर्व सैनिक कल्याण समिति के अध्यक्ष मुनेश कुमार फौजी ने पूर्व सैनिक दीपक राठी के आकस्मिक निधन पर शोक जताया। आज सुबह पूर्व सैनिकों ने मृतक दीपक राठी के आवास पर पहुंचकर सैन्य सम्मान के साथ उनको अंतिम विदाई दी।

# घर में घुसकर हमला किया, कई लोग घायल

**चांदपुर ( चिंगारी )।** मकान को लेकर हुए विवाद में एक दर्जन से अधिक लोगों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में दो महिलाओं सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गये। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाने में दी गई तहरीर में ग्राम उमरी पीर निवासी डा. हारून ने बताया कि उसका मकान मौहल्ला सरायरफी में है। शनिवार की दोपहर को मुंतजरीन, बब्लू, सबूर निवासी नसीरपुर शेख उर्फ मडरयो, ताजुद्दीन, खेड़की, अलाउद्दीन उमरीपीर, अब्दुल मन्नान, बाबर क़ाज़ीजादगान, दानिश प्रधान निवासी बाकी, अब्दुल अहमद निवासी ग्राम खेड़की व 10-15 पुरुष व महिलाएं अपने हाथों में लाठी-डंडे व धारदार हथियार लेकर उसके घर में घुस आये तथा उसके पिता मौ. इब्राहीम, माता मुर्सरत, बहन सोनम,भाई अजीम व जहांगीर के साथ मारपीट कर उन्हें गम्भीर रूप से घायल कर दिया। डा. हारून ने बताया कि वे घटना की तहरीर देने के लिए थाने गये थे उनकी गैरमौजूदगी में उनके घर में रखी 5 लाख रुपए की नकदी व 14 तोले सोने के आभूषण चोरी हो गए तथा कैमरे की डीबीआर व कैमरे भी तोड़ दिये। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी स्याऊ ले जाया गया।

# सीओ आकांक्षा गौतम ने सुनी पीड़ितों की फरियाद



**किरतपुर ( चिंगारी )।** थाना प्रांगण में आयोजित समाधान दिवस में राजस्व विभाग से संबंधित 3 शिकायतें दर्ज की गयीं। इस अवसर पर मौजूद सीओ नजीबाबाद आकांक्षा गौतम ने पीड़ितों से सीधे संवाद किया और गंभीरतापूर्वक समस्या के समाधान के निर्देश दिये। सीओ ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन का उद्देश्य भी बताया और कहा कि एक ही स्थान पर थाना स्तरीय समस्याओं का निस्तारण मौजूद अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारित करने का प्रयास किया जाये। यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं है तो पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाये। थानाध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह, एसएसआई पवन कुमार शर्मा एवं राजस्व विभाग से कानून गो एवं लेखपाल आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय चिंतन शिविर में चलने के लिये भाकियू टिकैत ने किया गांवों का दौरा

**बरूकी/ बिजनौर (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान के निर्देशानुसार आज भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मवीर सिंह धनखड़ एवं तहसील अध्यक्ष कोमन सिंह के नेतृत्व में ग्राम बरूकी, उमरी, शाहपुर सैदू, महमूदपुर जगमल, डल्लू , धनौरा, सिकैड़ा, नवादा, बांकंपुर, पमड़ावली, सुंदरपुर धौकलपुर, मंगोलपुरा भागैन आदि गांवो का दौरा कर उत्तराखंड के हरिद्वार जनपद में 15, 16, 17 एवं 18 जून को राष्ट्रीय चिंतन शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं को पहुंचने का आह्वान किया। धर्मवीर सिंह धनखड़ एवं चौधरी कोमन सिंह के नेतृत्व में शामिल प्रतिनिधि मंडल में डॉ. एसपी सिंह, बृजेश कुमार, संदीप त्यागी, चमन सिंह, हेमराज सिंह, नरपाल सिंह, रवि कुमार, विपिन कुमार, राजपाल सिंह एवं बनवारी लाल शामिल रहे।



# तीन वर्ष तक किया इंतजार
## पुलिया का निर्माण शुरू हुआ आखिरकार



**बरूकी/बिजनौर।** पानीपत खटीमा नेशनल हाईवे के बरूकी ओवर ब्रिज की सर्विस रोड पर नहर पर आखिरकार तीन वर्ष से संघर्षरत भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट का सपना हुआ साकार। पानीपत खटीमा नेशनल हाईवे निर्माण कंपनी के अधिशासी अभियंता आशीष शर्मा की देखरेख में नहर पर पुलिया का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है, जिससे भारतीय किसान यूनियन कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मवीर सिंह धनखड़ एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष बृजेश कुमार ने बताया कि तीन वर्ष से भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट बरूकी बस स्टैंड पर बने ओवर ब्रिज के दोनों ओर सर्विस रोड की नहर पर पुलिया निर्माण को लेकर कई बार धरना प्रदर्शन कर चुके हैं। आखिरकार भारतीय किसान यूनियन एवं क्षेत्रीय ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए पानीपत खटीमा नेशनल हाईवे निर्माण कंपनी द्वारा ओवर ब्रिज की एक सर्विस रोड की नहर पर पुलिया का निर्माण शुरू कर दिया गया है। पानीपत खटीमा नेशनल हाईवे निर्माण कंपनी के अधिशासी अभियंता आशीष शर्मा ने बताया कि पुलिया का निर्माण जनहित में शीघ्र कराने का प्रयास किया जा रहा है।

# सफाई कर्मचारियों का धरना जारी


नगर पालिका में धरने पर बैठे सफाई कर्मचारी

**नहटौर (चिंगारी)।** नगर पालिका कार्यालय में छठे दिन भी सफाई कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन जारी रहा। जिसको लेकर सफाई व्यवस्था भी प्रभावित हुई। अनेक लोगों ने सोशल मीडिया पर सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई है। शनिवार को धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों ने आरोप लगाया कि झूठे आरोप लगाकर अर्जुन व कुछ सफाई कर्मचारियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र सफाई कर्मचारियों की मांगे नहीं मानी जाती है, तो जिले की सभी पालिका व नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। इस अवसर पर विशाल पारचा, रमेश चैनवाल, लक्ष्मण, सहदेव, सुधीर बाल्मीकि, राजेश कुमार, विक्की कुमार, पवन, बालेश, राजकुमार, सुभाष आदि उपस्थित रहे। वहीं नगर की सफाई व्यवस्था चौपट होने पर लोगों ने सोशल मीडिया पर गंदगी के फोटो शेयर कर नाराजगी जताई है। पालिका प्रशासन से कूड़ा उठाने की वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है।

# मोटर साइकिलें टकराई दो लोगों के चोट आई

**चांदपुर (चिंगारी)।** बीती रात चांदपुर-धनौरा रोड पर दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई भिड़ंत में एक पुलिसकर्मी सहित दो लोग घायल हो गये। लगभग 12 बजे बबनपुरा पुलिस चौकी पर तैनात सिपाही राहुल कुमार मोटरसाइकिल से चांदपुर आ रहे थे, जबकि धामपुर निवासी मनित शर्मा मोटरसाइकिल से दिल्ली से धामपुर जा रहे थे। बागड़पुर व अलावलपुर के बीच दोनों मोटरसाइकिलों में भिड़ंत हो जाने से दोनों घायल हो गए। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक बब्लू सिंह, शिवसेना जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह, विवेक कुमार आदि मौके पर पहुंचे तथा दोनों घायलों को उपचार के लिए नगर स्थित निजी चिकित्सक के यहां पहुंचाया।



# सभासद ने अपने वार्ड में कराई सफाई

**नहटौर (चिंगारी)।** नहटौर नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों की चल रही हड़ताल से कई स्थानों पर कूड़े के ढेर लग गये है। वार्ड 23 में चौपट पड़ी सफाई व्यवस्था को सुधारने के लिए सभासद शमशीर पोंटिंग ने निजी तौर पर अपने पूरे वार्ड की सफाई कराई। शमशीर पोंटिंग ने बताया कि सभासद होने के नाते शनिवार को बाहर से सफाई कर्मचारी बुलाकर कूड़े को उठवाने का काम किया। सफाईकर्मियों की हड़ताल के चलते नगर में भी सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई है। लेकिन वार्ड 23 पूरी तरह से साफ है।


सफाई कराते हुए वार्ड न. 23 के शमशीर पोंटिंग।

# भुईयार समाज 29 को निकालेगा शोभायात्रा



**बिजनौर (चिंगारी)।** भुईयार समाज उत्थान समिति के तत्वावधान में 29 जून को सदगुरु कबीर साहेब के पावन पर्व पर भव्य शोभायात्रा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की सफलता को लेकर समिति के पदाधिकारी गांव उग्रवाला, सिखेड़ा, शादीपुर, थम्ब्रूवाला, सहसुवाला, ढांकी साधो, खानपुर, गुनियापुर एवं पित्तनहेड़ी सहित विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से संपर्क किया। समिति के संस्थापक राजपाल भुईयार एवं जिला अध्यक्ष करनपाल भुईयार ने बताया कि कबीर साहेब के शांति, प्रेम और सामाजिक एकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जा रहा है। शोभायात्रा के उपरांत आयोजित विचार गोष्ठी में प्रबुद्ध वक्ता कबीर साहेब की शिक्षाओं की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर अपने विचार रखेंगे।

# अंतिम यात्रा वाहन का फीता खोलकर लोकार्पण किया



नगीना में अंतिम यात्रा वाहन बस का फीता खोलकर लोकार्पण करते पूर्व विधायक लवकुश कुमार।

**नगीना (चिंगारी)।** मोक्ष धाम सेवा समिति द्वारा जनता के सहयोग से तैयार कराए गए अंतिम यात्रा वाहन (बस) का लोकार्पण पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य लवकुश कुमार ने फीता खोल कर किया। रविवार की सुबह रामलीला बाग स्थित मां काली-मां दुर्गा के मंदिर परिसर में सबसे पहले अंतिम यात्रा वाहन (बस) का गणमान्य लोगों की उपस्थिति में पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रामलीला बाग स्थित मंदिर के पुजारी ने पूजा-अर्चना का कार्य संपन्न कराया। इसके बाद राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य लवकुश कुमार ने जिम्मेदार लोगों की उपस्थिति में बस का फीता खोलकर लोकार्पण किया। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष अरविंद गहलौत, प्रमोद चौहान, सभासद रामकुमार यादव, डॉ. आकाश अग्रवाल, मोक्ष धाम सेवा समिति के प्रमुख पदाधिकारी शरद अग्रवाल, राजन अग्रवाल, राजेश टुकराल, मोहित गोयल, विहिप नेता प्रदीप गर्ग, शरद गर्ग मुनमुन, शलभ गोयल, डॉ. दिनेश चौहान, संजीव अग्रवाल, विक्की, संजीव अग्रवाल किराने वाले, सचिन मित्तल, आलोक चौधरी, कुंवर अमरजीत सिंह, सभासद गोपाल शर्मा, बलवीर सिंह आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# राम मंदिर में चोरी : मंडलायुक्त लखनऊ के नेतृत्व में एसआईटी गठित

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से चढ़ावे में हेराफेरी के आरोपों के बीच उत्तर प्रदेश सरकार ने विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित कर दिया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुरोध के क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शासन ने इसका गठन किया है।

सरकार की ओर से गठित एसआईटी में तीन अधिकारी शामिल किए गए हैं।

इसमें विजय विश्वास पंत आईएएस मंडलायुक्त लखनऊ, किरन एस आईपीएस आईजी रेंज और नील रतन विशेष सचिव वित्त शामिल हैं। गौरतलब है कि विवाद की शुरुआत सात जून को सपा सरकार में मंत्री रह चुके पवन पांडेय के दावे से हुई। पांडेय ने कहा था कि राम मंदिर से 5 से 7.5 करोड़ रुपये तक की चोरी की गई है।



इसके बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी सरकार की चुप्पी को संदिग्ध बताते हुए कहा था कि मामले को कोर्ट को देखना चाहिए। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सफाई देते हुए कहा था कि अभी तक ऐसी कोई बात सामने नहीं आई है, लेकिन विवाद बढ़ने पर भाजपा नेता डॉ. रजनीश सिंह ने नौ जून को प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर सीबीआई जांच की मांग कर दी। प्रधानमंत्री कार्यालय ने अगले दिन 10 जून को मंदिर ट्रस्ट से मामले की रिपोर्ट तलब कर ली।

बुधवार को राम मंदिर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने ट्रस्ट सदस्यों के साथ बैठक की। इसमें चढ़ावे की राशि, उसके उपयोग और हिसाब-किताब जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। ट्रस्ट ने ही मामले की निष्पक्ष जांच के लिए सरकार से अनुरोध किया था, जिसके बाद सीएम योगी के आदेश पर एसआईटी बनाई गई। अब एसआईटी मंदिर ट्रस्ट के वित्तीय रिकॉर्ड, चढ़ावे के जमा और खर्च का लेखा-जोखा खंगालेगी। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि मंदिर से चढ़ावे में गड़बड़ी का आरोप कितना सही है।

## पारदार्शिता पर उठे सवाल; नृपेंद्र मिश्र ने साधी चुप्पी



**अयोध्या ( एजेंसी/चिंगारी )।** राम मंदिर में दान राशि में हेराफेरी प्रकरण की जांच ने कई ऐसे सवाल खड़े कर दिए हैं, जिनका संबंध केवल धनराशि की सुरक्षा से नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था की पारदर्शिता से है। जांच में सामने आए तथ्यों के अनुसार दानपात्रों से निकाली गई रकम का एक हिस्सा कथित रूप से लंबे समय तक व्यवस्था की निगाहों से बचकर बाहर जाता रहा। ऐसे में सबसे बड़ा प्रश्न यह उठ रहा है कि जिस स्थान पर करोड़ों रुपये के चढ़ावे की गणना होती है, वहां मौजूद सुरक्षा और निगरानी तंत्र इस गतिविधि को पकड़ क्यों नहीं सके। धार्मिक संस्थानों के प्रबंधन का अध्ययन करने वाले विशेषज्ञों का कहना है कि किसी भी बड़े मंदिर में केवल सीसीटीवी कैमरे लगा देना पारदर्शिता का प्रमाण नहीं माना जाता। महत्वपूर्ण यह होता है कि निगरानी व्यवस्था कितनी प्रभावी है।

## आठ करोड़ से अधिक का हेरफेर...

### अब तक 2.98 करोड़ की रिकवरी

**राम मंदिर की दान राशि में गबन के मामले में अब तक 2.98 करोड़ रुपये की रिकवरी की जा चुकी है। यह रकम पकड़े गए संदिग्धों की निशानदेही पर बरामद की गई है। गुपचुप ढंग से चल रही जांच में आठ करोड़ रुपये से अधिक के हेरफेर के संकेत व साक्ष्य मिले हैं। हालांकि जांच पूरी होने के बाद यह राशि घट या बढ़ सकती है।**

## अखिलेश बोले- अगर पुलिस दोषियों को नहीं ढूंढ पाई तो हम मदद करेंगे

### साजिश की जड़ें पास में



**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** अयोध्या के राम मंदिर दान फंड में कथित गड़बड़ियों को लेकर उत्तर प्रदेश की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। राज्य सरकार द्वारा इस मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल के गठन के बाद, समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर तीखा तंज कसा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि इस साजिश की जड़ें ज्यादा दूर नहीं हैं, और अगर पुलिस दोषियों की पहचान करने में नाकाम रहती है, तो वे खुद इसमें मदद करने को तैयार हैं। अपने पोस्ट में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लिखा, इस साजिश की जड़ दूर नहीं है, इसलिए अगर सच सामने लाना है तो कार्रवाई करने के लिए ज्यादा दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने आगे जोड़ा, अगर पुलिस दोषियों की पहचान नहीं कर पाती है, तो हम मदद कर सकते हैं।

## नृपेंद्र बोले-निर्माण कार्य देखता हूं

राम मंदिर के दानपात्र से धन गबन प्रकरण की जांच के बीच शनिवार को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र अयोध्या पहुंचे। उनके दौरे पर सबकी निगाहें दान विवाद को लेकर संभावित प्रतिक्रिया पर टिकी थीं, लेकिन उन्होंने इस पूरे मामले पर टिप्पणी करने से साफ इन्कार कर दिया। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में जब उनसे दान गड़बड़ी प्रकरण को लेकर सवाल पूछा गया तो उन्होंने संक्षिप्त जवाब देते हुए कहा, मैं केवल निर्माण कार्य देखता हूं और कुछ नहीं। इसके बाद उन्होंने दान प्रकरण से जुड़े किसी भी अन्य सवाल का जवाब नहीं दिया।

## राम जन्मभूमि ट्रस्ट भंग हो, हेराफेरी की जांच हो- हिंदू महासभा

हिंदू महासभा ने राम जन्मभूमि ट्रस्ट को तत्काल भंग करने की मांग की है। महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष पांडेय ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर हेराफेरी और गबन की जांच मांगी है। पांडेय ने कहा कि ट्रस्ट का गठन सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हुआ था, इसलिए उसे भंग करने और जांच का अधिकार भी सुप्रीम कोर्ट को ही है। पत्र में अयोध्या में जमीन खरीद घोटाला, फर्जी चैक से पैसा निकालने का जिक्र है। उन्होंने कहा कि मंदिर के दान पात्र से करोड़ों रुपये की चोरी हुई है।

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट
कम ब्याज दर
ATHER
आज ही लायें एथर स्कूटर



इलेक्ट्रिक स्कूटर
के बादशाह
एथर का शोरूम
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# आईएमए की 158वीं पासिंग आउट परेड संपन्न, राष्ट्रपति ने ली सलामी

## देश को मिले 481 नए सैन्य अधिकारी, 9 महिला कैडेट पहली बार बनीं अफसर



**देहरादून (चिंगारी)।** भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) देहरादून में शनिवार को 158वीं पासिंग आउट परेड (पीओपी) का भव्य आयोजन हुआ। इस ऐतिहासिक परेड के साथ भारतीय सेना को 481 नए सैन्य अधिकारी मिले, जबकि 16 मित्र देशों के 34 जेंटलमैन कैडेट भी प्रशिक्षण पूरा कर सैन्य अधिकारी बने। इस बार की परेड कई मायनों में खास रही, क्योंकि पहली बार आईएमए से प्रशिक्षण प्राप्त कर 9 महिला कैडेट भी सैन्य अधिकारी के रूप में पास आउट हुईं।

परेड की मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू थीं। उन्होंने परेड का निरीक्षण किया, सलामी ली और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित किया। सुबह चैटवुड ग्राउंड में आयोजित परेड में अनुशासन, समर्पण और सैन्य परंपराओं का अदभुत प्रदर्शन देखने को मिला। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विशेष घोड़ा बग्गी 'पटियाला कोच' में सवार होकर परेड की समीक्षा की। इस अवसर पर उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह तथा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहे।

परेड के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को विभिन्न सम्मान प्रदान किए गए। ऑफिसर कैडेट विशाल कुमार को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रतिष्ठित 'स्वॉर्ड ऑफ ऑनर' तथा गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। प्रिंस राज को सिल्वर मेडल और तेजस भट्ट को ब्रॉन्ज मेडल प्रदान किया गया। वहीं ह्रषभ मिश्रा को टेक्निकल ग्रेजुएट कोर्स (टीजीसी) में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सिल्वर मेडल मिला। स्पेशल कमीशन श्रेणी में बोधराज थापा को गोल्ड मेडल और करन पांडे को टीईएस कोर्स में प्रथम आने पर सिल्वर मेडल प्रदान किया गया। मित्र देशों के कैडेट्स में बांग्लादेश के कैडेट को सर्वश्रेष्ठ विदेशी कैडेट का पुरस्कार मिला।

राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में नव नियुक्त अधिकारियों को देश सेवा, नेतृत्व और सैन्य मूल्यों के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। परेड के समापन पर 'अंतिम पग' की परंपरा निभाई गई, जिसके साथ कैडेट्स भारतीय सेना के अधिकारी बन गए। इसके बाद हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई और पीपिंग सेरेमनी आयोजित की गई। पूरे समारोह ने देशभक्ति, गौरव और सैन्य परंपराओं का अद्भुत संदेश दिया।

# स्थानान्तरण आदेश निर्गत न होने पर शिक्षकों में आक्रोश

## संगठन के प्रांतीय नेतृत्व को प्रेषित किया पत्र

**कोटद्वार (चिंगारी)।** राजकीय शिक्षक संघ गढ़वाल मंडल शाखा ने शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर कार्मिक विभाग की सहमति के बाद भी आदेश जारी न होने पर नाराजगी व्यक्त की है।

इस संबंध में प्रांतीय नेतृत्व को प्रेषित ज्ञापन में मंडलीय अध्यक्ष जयदीप रावत व मंत्री मनमोहन सिंह चौहान ने कहा कि स्थानांतरण अधिनियम लागू होने के बावजूद शिक्षा विभाग में तबादला प्रक्रिया नियमित रूप से संचालित नहीं हो सकी है, जबकि अन्य विभागों में स्थानांतरण प्रक्रिया गतिमान है, कहा कि शासन द्वारा 9 जून को उत्तराखंड लोक सेवकों के लिए वार्षिक स्थानांतरण हेतु समय सारिणी जारी की गई, लेकिन स्पष्ट आदेश जारी न होने से तबादलों को लेकर शिक्षकों में अनिश्चिता की स्थिति बनी हुई है। जिससे उनमें आक्रोश बना हुआ हैं। कहा कि शिक्षक जिस पद पर नियुक्त हो रहे हैं, पदोन्नति व स्थानांतरण के इंतजार में उसी पद से सेवानिवृत हो रहे हैं। प्रदेश की विषम भौगोलिक परिस्थितियों एवं दुर्गम स्थानों पर रहकर ईमानदारी से अपनी सेवाएं देने के बाद भी शिक्षकों को मायूस होकर सेवानिवृत्त होना पड़ रहा है। ज्ञापन में उन्होंने प्रांतीय नेतृत्व से सक्षम स्तर पर वार्ता कर शिक्षकों के स्थानांतरण आदेश निर्गत करवाने की अपील की है।

# पूर्व पालिकाध्यक्ष स्व. दीपक बडोला की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**कोटद्वार (चिंगारी)।** दुगड्डा नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष स्व. दीपक मोहन बडोला की पांचवीं पुण्य तिथि पर दुगड्डा नगर पालिका के कर्मचारियों व स्थानीय लोगों ने उनके निवास पर आयोजित कार्यक्रम में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि स्व. दीपक मोहन बडोला ने अपने कार्यकाल में दुगड्डा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक कार्य किये। उनकी कार्यशैली और सौम्य व्यवहार को हमेशा याद किया जाता रहेगा। नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में वे हमेशा जनहित के मुद्दों से जुड़े रहे। उनके द्वारा किए गए कार्यों और सामाजिक योगदान को सम्मान देने के लिए क्षेत्र में उनकी स्मृति में राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। दुगड्डा नगर पालिका के अध्यक्ष पद पर रहते हुए उन्होंने स्थानीय स्तर पर मूलभूत सुविधाओं, स्वच्छता और बुनियादी ढांचे के विकास कार्यों को आगे बढ़ाया। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में प्रदीप बडोला, धर्मेंद्र गोयल, विपिन गर्ग, वीरेंद्र शाह, अतुल गर्ग और आमजन सहित उनके परिवार जन शामिल रहे।

# स्वतंत्रता सेनानियों के स्मारकों की सुरक्षा सुनिश्चित करे प्रशासन

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने प्रशासन से की मांग

**कोटद्वार (चिंगारी)।** उत्तराखंड स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन जनपद पौड़ी गढ़वाल की कार्यकारिणी की गाड़ीघाट स्थित कार्यालय में बैठक का आयोजन किा गया। बैठक में स्वतंत्रता सेनानियों के स्मारकों पर हो रहे हमलों की निंदा करते हुए प्रशासन से इन स्मारकों की सुरक्षा और रखरखाव सुनिश्चित करने की मांग की गई।

संगठन जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वप्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विजय सिंह नेगी की जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए और उनके स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को याद किया गया। तत्पश्चात वक्ताओं ने प्रदेशभर में विभिन्न स्थलों पर निर्मित स्मारकों पर शरारती तत्वों द्वारा पहुंचाई जा रही क्षति पर चिंता जताते हुए प्रशासन से इन स्मारकों के लिए सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया।

इसके अतिरिक्त, प्रदेश की तहसीलों और अन्य स्थानों पर बने स्वतंत्रता सेनानियों के शिलापट्टों के रखरखाव की मांग के साथ ही प्रशासन से तहसील और जिलास्तर पर होने वाली बैठकों की सूचना पंद्रह दिन पहले देने संगठन के देने की मांग भी की गई। बैठक में सुरेश जोशी, रोशन सिंह रावत, यशवंत सिंह रावत और मदन मोहन जोशी सहित संगठन से जुड़े अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# नगर में इधर-उधर घूम रही असहाय वृद्धा को करूणाधाम आश्रम में भर्ती कराया



**कोटद्वार (चिंगारी)।** नगर में कई दिनों से असहाय एवं अनजान घूम रही बुजुर्ग महिला को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल ने संरक्षण में लेकर करूणाधाम आश्रम में दाखिल कराया। पुलिस टीम महिला के परिजनों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। पुलिस के अनुसार नगर में असहाय घूम रही बुजुर्ग महिला के संबंध में सूचना मिलते ही एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट को स्थानीय लोगों ने बताया कि उक्त महिला पिछले कई दिनों से नगर में इधर-उधर घूम रही है। प्रथम दृष्टया महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत हो रही है। एएचटीयू टीम में नियुक्त महिला कांस्टेबल विद्या मेहता, होमगार्ड राखी, वाजिद एवं कांस्टेबल सत्येंद्र लखेड़ा ने तत्काल मौके पर पहुंचकर महिला से बातचीत कर कुछ जानकारी हासिल करने का प्रयास किया। महिला ने केवल अपना नाम बताया। विद्या मेहता ने बताया कि टीम ने महिला का मेडिकल परीक्षण करने के बाद उसे करूणाधाम आश्रम में दाखिल कर दिया है। पुलिस महिला के परिजनों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# कांग्रेस नेत्री स्व. इन्दिरा हृदयेश को पुण्य तिथि पर किया याद

**कोटद्वार (चिंगारी)।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पूर्ववर्ती प्रदेश कांग्रेस सरकार में वित्त मंत्री रही स्व. डा. इंदिरा हृदयेश की पांचवीं पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि स्व. डा.इन्दिरा हृदयेश उत्तराखंड के विकास में महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करने वाली कुशल नेत्री थी। वे अपने सेवाकालीन जीवन में एक कुशल शिक्षिका, प्रधानाचार्य एवं प्रबंधक रहीं। कहा कि उत्तराखण्ड राज्य गठन के बाद तीन बार विधायक और कांग्रेस सरकार सरकार में उन्होंने वरिष्ठ कैबनेट मंत्री के रूप में वित्त, लोकनिर्माण, सूचना प्रौद्योगिकी आदि महत्वपूर्ण मंत्रालयों में उल्लेखनीय कार्य किए। साथ ही शिक्षा जगत में भी उनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा। कहा कि उन्होंने अपनी प्रारम्भिक सेवा आर्य कन्या इ.का. कोटद्वार में एक शिक्षिका के रूप में आरंभ की थी। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में वीरेंद्र सिंह रावत, गोकुल सिंह नेगी, कै. रविन्द्र सिंह रावत, बलबीर सिंह रावत, सनोज नेगी, गबर सिंह रावत, सुरेन्द्र सिंह गुसाईं, जावेद हुसैन, महाबीर सिंह, चंद्रमोहन सिंह, दीपक सिंह, प्रदीप रावत, नरेश कुमार आदि शामिल रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# बहू को लेकर दर्ज कराया गया मुकदमा वापस न लेने पर किया हमला

## एसपी से मिला पीड़ित परिवार, बोला- बेटे और बहू पर धारदार हथियारों से किए वार, आरोपी खुलेआम दे रहे जान से मारने की धमकी

बिजनौर (चिंगारी)। गंज क्षेत्र के ग्राम  फरीदपुर भोगन उर्फ़ भोगनवाला निवासी एक परिवार ने अपनी बहू को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में दर्ज मुकदमा वापस न लेने पर दबंगों द्वारा जानलेवा हमला किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में मोहम्मद सलीम पुत्र रहमत अली ने बताया कि उसकी बहू को गांव का ही एक युवक शाहजान बहला-फुसलाकर ले गया था। इस मामले में कोतवाली शहर बिजनौर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। आरोप है कि मुकदमा वापस लेने और समझौता करने का दबाव लगातार बनाया जा रहा था। विरोध करने पर रंजिश बढ़ती चली गई।

पीड़ित के अनुसार 19 मई को दोपहर करीब साढ़े बारह बजे शाहजान, फरमान तथा उनके परिजन लाठी-डंडों, तमंचे, छुरे और तबल जैसे धारदार हथियारों से लैस होकर उसके घर में घुस आए। आरोप है कि हमलावर गाली-गलौज करते हुए मुकदमा दर्ज कराने का बदला लेने की बात कहने लगे। विरोध करने पर उन्होंने परिवार के सदस्यों पर हमला बोल दिया।

प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि बीच-बचाव करने आए बेटे वसीम पर छुरे से वार किया गया, जिससे बचाव के दौरान उसकी उंगली कट गई। वहीं दूसरे बेटे सईम के सिर पर धारदार हथियार से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाई गई। बेटे को बचाने आई पुत्रवधू महशर पर भी हमला किया गया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। हमले के दौरान घर में चीख-पुकार मच गई और घायल परिवार के सदस्य मौके पर ही बेहोश हो गए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि शोर सुनकर बचाने पहुंचीं महिलाओं के साथ भी अभद्रता की गई। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायल बेटे और पुत्रवधू का उपचार सरकारी अस्पताल में चल रहा है, जहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई करने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की है।

**वधू चाहिए**

क्षत्रिय (ठाकुर) उम्र 34 वर्ष लम्बाई 5 फीट 8 इंच, सरकारी नौकरी बिजली विभाग को सुंदर घरेलु, सुशील कन्या चाहिए।
सम्पर्क करें- 8218839150







